नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 217 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, सोमवार 12 जून 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

पेज -4 पर

विधानसभा में जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत विधानसभा...

भाजपा का विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन संपन्न

पेज -8 पर

नया भारत उत्सव में मिली आज के भारत की झलक

नया भारत देश के भविष्य को समर्पित है- ओम माथुर

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर, प्रदेश अध्यक्ष सांसद अरुण साव, सांसद सुनील सोनी, पूर्वमंत्री, विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने मोदी सरकार के स्वर्णिम 9 वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत नया भारत उत्सव चित्रकला/रंगोली प्रतियोगिता में होली हार्ट्स स्कूल सिविल लाइन रायपुर में शामिल होकर प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। नया भारत उत्सव में भारत के महापुरुषों के चित्रों के साथ नए भारत की तस्वीर पेश करते हुए बताया गया है कि इन 9 वर्षों में भारत का किस प्रकार नव निर्माण हुआ है। भारत की पुरातन संस्कृति और अधुनातन के योग से किस तरह सशक्त भारत, आत्मनिर्भर भारत, वैश्विक अर्थव्यवस्था का अहम अंग

भारत, वैश्विक नेतृत्व में सम्मानित भारत का नवनिर्माण हुआ है इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने प्रतिभागी बच्चों की कला की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चे इस देश

का भविष्य हैं। मोदी जी ने नेतृत्व में भारत का नवनिर्माण जिस तेजी से हुआ है, मजबूती से हुआ है, उसे आगे बढ़ाने में आप सभी का योगदान है। आप की देश प्रेम

मोदी जी ने किया देश का त्रिआयामी नव निर्माण- साव

की भावना, देश की प्रगति में आपका रुझान, देश के नेतृत्व पर आपका अगाध प्रेम और विश्वास आपकी कला के माध्यम से अभिव्यक्त हुआ है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि मोदी सरकार ने इस देश के पुरातन वैभव, वर्तमान की आत्मनिर्भरता और भविष्य के विकसित भारत की त्रिआयामी सोच के तहत जिस नए भारत का निर्माण इन नौ वर्षों में किया है, उसकी झलक नया भारत उत्सव में देखने मिली। वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी कला में भारत के नव निर्माण के संकल्प की वही दृढ़ता स्पष्ट दिख रही है, जो मोदी जी इस देश के हर बच्चे में चाहते हैं।

रायपुर सांसद सुनील सोनी ने नया भारत उत्सव में देश के प्रति बच्चों की समर्पण भावना की तारीफ करते हुए कहा कि आप आजादी के अमृत काल में जिस नए भारत का उत्सव मना रहे हैं, वह आपके अभिभावकों के मोदी जी पर भरोसे का प्रतिफल है।

एक नजर

अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस

बालश्रम की रोकथाम हम सबकी जिम्मेदारी -मुख्यमंत्री

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अंतर्राष्ट्रीय बालश्रम निषेध दिवस 12 जून की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में कहा है कि बच्चों में असीम संभावनाएं होती हैं। उन्हें संवरने के लिए खुला आसमान देना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। बच्चों की उचित देखभाल, पोषण, सुरक्षा, खुशहाल जीवन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आगे बढ़ने के अवसर पर बच्चों का भी समान अधिकार है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि विश्व बाल श्रम निषेध दिवस का उद्देश्य बच्चों से श्रम ना कराकर उन्हें शिक्षा और आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना है। बाल श्रम के प्रति विरोध दर्ज करने के साथ लोगों में जागरूकता लाना है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि छोटे बच्चों को काम में न लगाएं, न ही किसी को लगाने दें।

रायपुर में कांग्रेस का चौथा संभागीय सम्मेलन खत्म

कई लोगों को इस बार मौका नहीं मिला, उन्हें अगली सरकार में मौका मिलेगा- भूपेश बघेल

रायपुर। छत्तीसगढ़ में बस्तर, बिलासपुर और दुर्ग के बाद रविवार को रायपुर में कांग्रेस का संभागीय सम्मेलन हुआ। बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित सम्मेलन में प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम समेत रायपुर संभाग के 20 विधानसभा क्षेत्रों के कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

सम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कई लोगों को इस सरकार में अवसर नहीं मिला, जो संगठन में काम कर रहे हैं, उन्हें अगली सरकार में अवसर मिलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बूथ पर ज्यादा फोकस करने पर जोर दिया। सीएम ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि भाजपा के झूठ से डटकर मुकाबला करना है। उन्होंने कहा कि रमन सिंह सरकार की नाकामी को बताना है और हमारी अपनी सरकार के कामकाज को बताना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा वाले गोडसे की बात करते हैं, लेकिन मैं विधानसभा तक में बोल चुका हूं गोडसे मुर्दाबाद कहिए तो ये नहीं कहते, गोडसे भारत मां के सपूत हैं ये बात आपको-हमको खराब लग सकती है, लेकिन उनके लिए आदर्श है। सीएम ने कहा कि जब ये गोडसे को सपूत कह रहे तो गांधी जी को क्या कहेंगे। आतंकवाद, नक्सलवाद और धर्मांतरण भाजपा की देन है, ये लोग उनके समर्थक हैं।

भाजपा झूठ फैलाने का काम कर रही

इसके बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से भी चर्चा की। उन्होंने कहा-भाजपा झूठ फैलाने का काम कर रही है, भाजपा झूठ फैलाने का काम कर रही है।

गिरिराज सिंह यहां आए थे, धर्मांतरण, डीलिस्टिंग के बारे में बोल रहे थे, भाजपा की सरकार है, बहुमत है, वह क्यों नहीं करते? अरुण साव कहते हैं कि धान केंद्र सरकार खरीदती है, भाजपा कितना झूठ बोलेगी? रमन सिंह 10 क्विंटल खरीदी क्यों किए, हमने तो 15 क्विंटल खरीदा है।

आप की पार्टी आप की नहीं सुनती क्या?

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उड़ान योजना पर केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखने पत्र पर कहा उड़ान योजना बंद कर दिया गया है, अरुण साव जी को अपने लोकसभा क्षेत्र में जाना चाहिए। हमने 45 करोड़ रुपए दे कर एयरपोर्ट बनाया है। अरुण साव अपने लोकसभा क्षेत्र में उड़ान योजना शुरू कराएं, क्या आप की पार्टी आप की नहीं सुनती है?

सैलजा बोलीं-कांग्रेस की बड़ी जीत होगी

उधर, सम्मेलन में पहुंची प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने भी पत्रकारों से चर्चा की है। सैलजा ने कहा-हर संभाग में हम सम्मेलन कर रहें है, रायपुर से हर कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे हैं, कार्यकर्ता यहां से जीत का संदेश लेकर जाएंगे। इस बार हमारी सरकार का कार्य सर्वोपरि है। अपने काम के दम पर हम कह सकते हैं कि जनता आज हमारे साथ है। कार्यकर्ता जन जन के पास जाकर राहुल गांधी जी का संदेश देंगे। अगली बार फिर से कांग्रेस की बड़ी जीत होगी।

हरियाणा में खटपट पर कहा

सैलजा ने बीजेपी के 65 सीट की बात पर कहा, हरियाणा में भी भाजपा ने 75 प्लस का नारा दिया था, वहां मुश्किल से 40 पर आए थे, भाजपा की राजनीति झूठ पर आधारित होती है। हरियाणा में खटपट पर सैलजा ने कहा- सब जगह ये होता है, यह साफ दिख रहा है। वहां की जो खटपट है, सहयोगी दल है वह जरूर टूटेंगे, भारतीय जनता पार्टी को छोड़ते ही खटपट दिखेगी।

रायपुर में बदमाशों के हौसले बुलंद, दिनदहाड़े अपार्टमेंट के बाहर चलाई गोलियां, मचा हड़कंप

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि अब बेखौफ होकर दिनदहाड़े ही वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रायपुर के पंडरी थाना इलाके से सामने आया है, जहां बेखौफ बदमाशों ने करिज्मा अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 502 के बाहर फायरिंग कर दी। सूचना के बाद पंडरी थाना की पुलिस और एफएसएल के आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। घर के मालिक विजय शेखर पांडे ने पंडरी थाना में इसकी शिकायत की है। उन्होंने बताया कि हमारे घर पर बाहर से किसी ने गोली चलाई है। इस फायरिंग में खिड़की का कांच टूट गया। इधर, इस घटना के बाद से अपार्टमेंट के लोगों में दहशत का माहौल है। लोगों ने फायरिंग करने

वाले बदमाशों को जल्द पकड़ने की मांग की है। पुलिस अपार्टमेंट परिसर में लगे सीसीटीवी को खंगाल रही है, जिससे फायरिंग करने वालों का पता चल सके। फिलहाल पुलिस घर के मालिक विजय शेखर पांडे से भी इस घटना को लेकर पूछताछ कर रही है। बता दें कि फ्लैट मालिक विजय शेखर पांडे इंद्रमणि कोल में अकाउंट्स का काम देखते हैं। इंद्रमणि कोल के मालिक सुनील अग्रवाल है जो जेल में बंद है। पुलिस का कहना है कि VIP करिश्मा अपार्टमेंट के पांचवीं मंज़िल के एक फ्लैट की खिड़की में एक गोली लगी है। किसी को चोट नहीं आयी है। यह फ्लैट विजय पांडेय का है जो कि एक प्राइवेट फर्म में अकाउंटेंट का काम करते हैं। घटना का कारण अभी तक सामने नहीं आया है। यह बाहर से किसी के द्वारा किया गया एक्सीडेंटल फ़ायर है या किसी को डराने के लिए किया गया टार्गेटेड फ़ायर है, अभी स्पष्ट नहीं है।

पुलिस और बैलिस्टिक एक्सपर्ट द्वारा जांच की जा रही है।

शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले स्कूल बसों की फिटनेस चेक

130 स्कूलों की 700 बसों के सुरक्षा उपायों की जांच

रायपुर। नए शिक्षा सत्र के शुरू होने से पहले रायपुर शहर के सभी स्कूलों में चलने वाली बसों का फिटनेस चेक किया जा रहा है।

रायपुर के पुलिस लाईन मैदान में सभी स्कूलों की बसों को बुलाया गया है। जहां पर उनमें उपलब्ध सभी जरूरी सुरक्षा मानदंडों की भी चैकिंग की जा रही है। ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग की ओर से संयुक्त रूप से चेकिंग की जा रही है। बसों के अलावा सभी चालक और कंडक्टरों का भी मेडिकल चेकअप किया जा रहा है। रायपुर शहर में लगभग 130 स्कूल हैं, जहां पर बस या दूसरे वाहन से

बच्चों को लाया जाता हैज्इन सभी स्कूलों में लगभग 700 बस या वाहन है। इस चैकिंग अभियान को लेकर आईबीसी24 ने ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों से बात की और मौके का जायजा लिया।

राजधानी में धराशायी हुआ सैकड़ों साल पुराना पीपल का पेड़

दो वाहन चालक आए चपेट में, गाड़ियां भी दबी

रायपुर। रायपुर। राजधानी में सैकड़ों साल पुराने पीपल के पेड़ के अचानक गिरने से दो लोग दबकर घायल हो गए. लाखे नगर से महादेव घाट को जोड़ने वाले व्यस्ततम मार्ग पर पेड़ के गिरने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना

करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, दोपहर 12.15 बजे लाखे नगर चौक स्थित पुराने पीपप के पेड़ का बड़ा हिस्सा भराभराकर गिर गया. इससे मौके से जा रहे दो वाहन चालकों को चोट आई, जिनके नाम मनोज साहू और वंश सोनकर बताए गए हैं. इसके अलावा दो एक्टिवा वाहन भी पेड़ के नीचे दब गए हैं। जानकारी मिलने पर निगम अमले ने पेड़ को हटाने का काम शुरू किया है. वहीं मुख्य मार्ग पर पेड़ के गिरने से सड़क ब्लॉक होने से लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कार्यक्रम... जी-20 कॉन्क्लेव श्रम संबंधी मुद्दों के लिए मील का पत्थर साबित होगा

जी-20 कॉन्क्लेव श्रम संबंधी मुद्दों के लिए मील का पत्थर साबित होगा- राज्यपाल

रायपुर। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन बिलासपुर में आयोजित जी-20 लेबर 20 कॉन्क्लेव में मुख्य अतिथि के रूप में वर्चुअल तरीके से शामिल हुए। यह कार्यक्रम भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के सहयोग से नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (एनएफआईटीयू) द्वारा आयोजित किया गया।

बिलासपुर में जी-20/एल-20 कॉन्क्लेव सम्पन्न

इस अवसर पर राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री महंत रामसुंदर दास, छत्तीसगढ़ राज्य भवन एवं अन्य सन्ननिर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री सन्नी अग्रवाल उपस्थित थे। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि यह पूरे भारतवासियों के लिए अत्यंत गर्व की बात है कि प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत ने इस वर्ष जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की है। जिसका थीम ''एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य'' रखा गया है। यह ''वसुधैव कुटुम्बकम'' की अवधारणा पर आधारित है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए यह बहुत खुशी की बात है कि वैश्विक चिंता के श्रमिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए यहां प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों, उद्योगों, सरकारी संगठनों, ट्रेड यूनियन संगठनों, एनजीओ और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हुई है। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में विचार विमर्श के बाद आये सुझाव, अंतिम जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए सार्थक सिद्ध होंगे।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह जी-20 कॉन्क्लेव वैश्विक चिंता के श्रम संबंधी मुद्दों के लिए मील का पत्थर साबित होगा और इससे हमारे श्रम बल को लाभ होगा।

राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को ''चावल का कटोरा'' के रूप में जाना जाता है, भारत के खनिज समृद्ध राज्यों में से एक है, जिसमें प्रचुर मात्रा में वन संसाधन, पर्याप्त श्रम शक्ति और अच्छी जलवायु है। आज बेरोजगारी, सामाजिक सुरक्षा और सामाजिक न्याय की समस्या हम सबके लिए चिंता का विषय है। बेरोजगारी हमारे समाज के विभिन्न सामाजिक मुद्दों का मूल कारण है।

उन्होंने इस आयोजन की सफलता के लिए एनएफआईटीयू के पदाधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर लेबर 20 कॉन्क्लेव के संयोजक डॉ. दीपक जायसवाल, गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति डॉ. आलोक चक्रवाल सहित अन्य श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी एवं विशेषज्ञ उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में बड़ा रेल हादसा टला !

मेमू ट्रेन और मालगाड़ी आई आमने-सामने

बिलासपुर। बीते दिनों उड़ीसा के बालासोर में बेहद ही दर्दनाक रेल हादसा हुआ. जिसमें 270 से अधिक लोगों की जान चली गई. वैसा ही हादसा छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में होते होते बचा।

इसका एक एक वीडियो सामने आया है, जो जयराम नगर का बताया जा रहा है. जिसमें एक ही ट्रैक पर दो ट्रेन आमने-सामने चल रही थी. जानकारी के मुताबिक बिलासपुर से चलकर आ रही कोरबा लोकल मेमू ट्रेन जयराम नगर पहुंची थी. इसी बीच उसी पटरी में सामने से एक मालगाड़ी भी आ रही थी, जिसके बाद आनन फानन में ट्रेन को रोका गया. बता दें दोनो ट्रेन कुछ ही दूरी पर आमने-सामने जाकर रुकी, जिससे ट्रेन में बैठे यात्रियों में हड़कंप मच गया. अगर समय पर ट्रेनों को रोका नहीं जाता तो एक बड़ा हादसा हो सकता था. इस मामले में रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि ऑटो सिग्नलिंग की वजह से एक ही ट्रैक पर एक के पीछे एक दूसरी ट्रेन चलती है. वहीं जो लोकल मेमू ट्रेन वीडियो में दिखाया जा रहा है, वह ट्रेन के दूसरे सिरे का इंजन है. जहां दोनों ट्रेनें सामने सामने नहीं आई है, बल्कि एक ट्रेन के पीछे दूसरी ट्रेन है, जिसे सिंगनल मिलते वह आगे बढ़ेगी और दूसरी ट्रेन उसके पीछे आगे बढ़ेगी।

शिक्षा की दुकानें बढ़ रही हैं लेकिन उच्च शिक्षा की गुणवत्ता रैंकिंग में हम पिछड़ते जा रहे हैं

आजादी के अमृत काल में जब चहूं ओर से अनेक गौरवान्वित करने वाली खबरें आती हैं, वहीं कभी-कभी कुछ निराश करने वाली खबरें भी आत्म-मूल्यांकन को प्रेरित करती हैं। ऐसी ही एक खबर भारत की उच्च-शिक्षा को लेकर है। हमारे देश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में संख्यात्मक दृष्टि से काफी तरक्की हुई है लेकिन बात गुणात्मक दृष्टि की करते हैं तो निराशा ही हाथ लगती है। नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) 2023 की ओवरऑल रैंकिंग सूची को देखकर भी ऐसा ही लगता है।

एक बड़ा सवाल है कि हम गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की सूची में क्यों नहीं अव्वल आ पा रहे हैं। यह सवाल सत्ता के शीर्ष नेतृत्व को आत्ममंथन करने का अवसर दे रहा है, वहीं शिक्षा-निर्माताओं को भी सोचना होगा कि कहां उच्च-शिक्षा के क्षेत्र में त्रुटि हो रही है कि हम लगातार गुणवत्ता पूर्ण उच्च शिक्षा की सूची में सम्मानजनक स्थान नहीं बना पा रहे हैं।

शिक्षा मंत्रालय हर साल शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग जारी करता है। इस बार एनआईआरएफ रैंकिंग के मुताबिक आईआईटी मद्रास को देश का सर्वेश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान घोषित किया गया है। जबकि दूसरे नम्बर पर भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलुरु है। इंजीनियरिंग कैटेगरी में आईआईटी मद्रास की रैंक लगातार आठवें वर्ष भी बरकार रही है। इसके बाद आईआईटी दिल्ली दूसरे नम्बर पर और तीसरे नम्बर पर आईआईटी मुम्बई है।?इसी तरह मैनेजमैंट कालेज, फार्मेसी कालेज, लॉ कालेजों की भी रैंकिंग की गई। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत में शिक्षा सुधार लगातार जारी है। उच्च शिक्षा उद्योग पर्याप्त शिक्षण क्षमता प्रदान करने के लिए संघर्ष कर रहा है लेकिन विडम्बना यह है कि भारत का कोई भी संस्थान वैश्विक शीर्ष सौ संस्थानों में अपनी जगह नहीं बना पाया। वैश्विक टॉप 200 में केवल तीन भारतीय संस्थान ही जगह बना पाए हैं। कुल मिलाकर 41 भारतीय संस्थान और विश्वविद्यालय हैं जिन्होंने इस वर्ष क्यूएस विश्वविद्यालय रैंकिंग सूची में जगह बनाई है। आइआइटी हो या आइआइएम या फिर कॉलेज और विश्वविद्यालय, रैंकिंग के टॉप टेन में जगह बनाने वाली शिक्षण संस्थाओं में पिछले सालों से एक से नाम ही नजर आते हैं। यह तो लगता है कि ये संस्थाएं अपनी गुणवत्ता बनाए हुए हैं पर यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि

शिक्षा मंत्रालय हर साल शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग जारी करता है। इस बार एनआईआरएफ रैंकिंग के मुताबिक आईआईटी मद्रास को देश का सर्वेश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान घोषित किया गया है। जबकि दूसरे नम्बर पर भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलुरु है।

दूसरी उच्च शिक्षण संस्थाएं आखिर टॉप सूची में आने से क्यों वंचित रहती हैं? हम क्या कहकर विदेशी छात्रों को आकर्षित करेंगे? भारत प्राचीन समय में उच्च शिक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केन्द्र रहा है, फिर आजादी के बाद इस विरासत को क्यों नहीं कायम रख पाये? किसी भी शिक्षण संस्थान की गुणवत्ता उसकी फैकल्टी पर निर्भर करती है। फैकल्टी में योग्य और प्रशिक्षित शिक्षक चाहिए। निजी क्षेत्र युवा स्नातकों को?ऐसे प्रोफेसरों के रूप में भर्ती करते हैं जिनके पास कोई अनुभव या ज्ञान नहीं होता। वह ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाना चाहता है। निजी क्षेत्र को छात्रों में रचनात्मकता, नए शोध और नए कौशल को सीखने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहन देने में कोई रुचि नहीं है। देश में आरक्षण प्रणाली बहुत ही विवादास्पद है। उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में आरक्षण प्रणाली अभी भी बाधक बनी हुई है। युवा पीढ़ी को सिर्फ नौकरी और भारी-भरकम वेतन पैकेज लेने में ही अधिक रुचि है। इसलिए अभिभावक भी बच्चों को देश की सेवा के लिए प्रेरित करने की बजाय अच्छी नौकरी तलाश करने के लिए ही प्रेरित करते हैं।

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा घोषित नई शिक्षा नीति की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता धीरे-धीरे सामने आने लगी है एवं उसके उद्देश्यों की परतें खुलने लगी है। आखिरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी क्रांति की शुरुआत करते हुए अगस्त तक डिजिटल यूनिवर्सिटी के शुरू होने और विदेशों के ऑक्सफोर्ड, कैंब्रिज और येल जैसे उच्च स्तरीय लगभग पांच सौ श्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थानों के भारत में कैंपस खुलने शुरू हो जायेंगे।

अब भारत के छात्रों को विश्वस्तरीय शिक्षा स्वदेश में ही मिलेगी और यह कम खर्चीली एवं सुविधाजनक होगी। इसका एक लाभ होगा कि कुछ सालों में भारतीय शिक्षा एवं उसके उच्च मूल्य मानक विश्वव्यापी होंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की यह अनूठी एवं दूरगामी सोच से जुड़ी सराहनीय पहल है। यह शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाओं का अभ्युदय है। भारत में दम तोड़ रही उच्च शिक्षा को इससे नई ऊर्जा मिलेगी। बुझा दीया जले दीये के करीब आ जाये तो जले दीये की रोशनी कभी भी छलांग लगा सकती है। खुद को विश्वगुरु बताने वाले भारत का एक भी विश्वविद्यालय दुनिया के 100 विश्वविद्यालयों में शामिल नहीं है। भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु ने 155वां वैश्विक रैंक हासिल किया है जो पिछले साल 186वें स्थान से ऊपर है और भारतीय संस्थानों में पहले स्थान पर है। आईआईएससी बेंगलुरु साइटेशन पर फैकल्टी इंडिकेटर में विश्व स्तर पर शीर्ष संस्थानों में भी उभरा है। यह संस्थानों द्वारा उत्पादित अनुसंधान के वैश्विक प्रभाव को इंगित करता है। शीर्ष 200 में अन्य दो स्थानों पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे और आईआईटी दिल्ली वैश्विक 172वें और 174वें स्थान पर हैं। विशेष रूप से, आईआईटी बॉम्बे और आईआईटी दिल्ली दोनों ने पिछले साल से आईआईटी बॉम्बे को 177वें और आईआईटी दिल्ली को पिछले साल 185वें स्थान से अपग्रेड किया।

संपादकीय

रेल दुर्घटना: जवाबदेही है ही नहीं!

बालासोर ट्रेन हादसे के लिए आखिर कोई तो उत्तरदायी होगा? लेकिन वर्तमान सरकार के तहत उत्तरदायित्व एक अप्रचलित शब्द है। सरकार ने जो किया है, भले के लिए किया होगा- यह इस बात को मान कर चलने का दौर है! ओडिशा के बालासोर में हुई भीषण ट्रेन दुर्घटना की जांच सीबीआई को सौंपने की खबर अगर बहुत से लोगों के गले नहीं उतरी है, तो उसका कारण है। सीबीआई अपराधों की जांच करने वाली एजेंसी है। तो क्या सरकार को कहीं से इस बात के संकेत मिले हैं कि इस दुर्घटना के पीछे तोड़फोड़ हुई हो सकती है? जबकि रेलवे के सूत्र कह चुके हैं कि हादसा संभवत: सिग्नल सिस्टम की गड़बड़ी से हुआ। इसके अलावा हादसा होने के बाद से गुजरे वर्षों में रेल सुरक्षा की हुई अनदेखी की चर्चा सुर्खियों में आई है। किस तरह सुरक्षा से जुड़े हजारों पद खाली पड़े हैं और कैसे बजट आवंटन में सुरक्षा का मद घटता चला गया है, ये तमाम बातें मीडिया में आई हैं। ये बातें सीएजी की रिपोर्ट के हवाले से भी कही गई हैं। विशेषज्ञों ने बताया है कि वर्तमान सरकार के सत्ता में आने के बाद ध्यान आम रेल सेवा को सुधारने और दुरुस्त करने पर नहीं, बल्कि उच्च आय वर्गों के लिए सुविधाजनक और सुर्खियां बटोरने वाली कुछ हाई स्पीड ट्रेनों पर टिका रहा है। पूर्व यूपीए सरकार के कार्यकाल में रेल सुरक्षा पर अनिल काकोडकर कमेटी बनी थी। उसने विस्तृत रिपोर्ट दी थी और उस समय कहा था कि भारत में रेल यात्रा को पूर्ण सुरक्षित बनाने के लिए एक लाख करोड़ रुपए के बजट की जरूरत होगी। उससे पहले रेलवे के आधुनिकीकरण के लिए सैम पित्रोदा समिति बनी थी। उसने भी एक विस्तृत खाका पेश किया था।

भारतीय बैंकों की स्थिति में पहले से सुधार है लेकिन अभी सतर्कता बनाये रखना जरूरी है

आपको याद होगा कि कुछ समय पूर्व ही भारतीय रिजर्व बैंक ने सरकारी क्षेत्र की 11 बैंकों को, इन बैंकों में खराब कर्ज के खतरनाक स्तर तक बढ़ जाने के कारण, त्वरित सुधारात्मक ढांचे के तहत रखा था। पिछले कुछ वर्षों के दौरान सरकारी क्षेत्र के बैंकों को कम पूंजी आधार, गैर-पेशेवर प्रबंधन, हताश कर्मचारियों और भारी अक्षमताओं सहित कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था।

परंतु, केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक ने भारतीय बैंकों की वित्तीय स्थिति को सुधारने की दृष्टि से कई उपाय किये एवं केंद्र सरकार ने पांच वित्त वर्षों के दौरान (वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 तक) सरकारी क्षेत्र के बैंकों के पुनर्पूंजीकरण के लिए 3,10,997 करोड़ रुपये का अभूतपूर्व निवेश किया। इससे इन बैंकों को आवश्यक मदद मिली और उनकी ओर से किसी भी चूक की आशंका खत्म हो गई। अभी हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन जारी किया गया है। इस प्रतिवेदन में भारतीय बैंकों की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ बताया गया है एवं इस प्रतिवेदन के अनुसार दिसम्बर 2022 को समाप्त अवधि में भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.1 प्रतिशत, सकल

बैंकिंग उद्योग किसी भी देश में अर्थ जगत की रीढ़ माना जाता है। बैंकिंग उद्योग में आ रही परेशानियों का निदान यदि समय पर नहीं किया जाता है तो आगे चलकर यह समस्या उस देश के अन्य उद्योगों को प्रभावित कर, उस देश के आर्थिक विकास की गति को कम कर सकती है।

गैरनिष्पादनकारी आस्तियों का प्रतिशत 4.41 प्रतिशत एवं प्रोविजन कवरेज अनुपात 73.20 प्रतिशत हो गया है। वित्तीय वर्ष 2017-18 में सरकारी क्षेत्र के बैंकों ने जहां 85,390 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्शाया था, वहीं वित्तीय वर्ष 2021-22 में इन बैंकों ने 66,539 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है और अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत में सरकारी क्षेत्र के बैंकों का लाभ एक लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर सकता है। इस प्रकार सरकारी क्षेत्र के बैंकों का तो एक तरह से कायाकल्प ही हो गया है।

बैंकिंग उद्योग किसी भी देश में अर्थ जगत की रीढ़ माना जाता है। बैंकिंग उद्योग में आ रही परेशानियों का निदान यदि समय पर नहीं किया जाता है तो आगे चलकर यह समस्या उस देश के अन्य उद्योगों को प्रभावित कर, उस देश के आर्थिक विकास की गति को कम कर सकती है। इसलिए पिछले 9 वर्षों के दौरान केंद्र सरकार ने बैंकों की लगभग हर तरह की समस्याओं के समाधान हेतु कई ईमानदार प्रयास किए हैं।

गैरनिष्पादनकारी आस्तियों से निपटने के लिए दिवाला एवं दिवालियापन संहिता लागू की गई है। देश में सही ब्याज दरों को लागू करने के उद्देश्य से मौद्रिक नीति समिति बनायी गई है। साथ ही, दिनांक 30 अगस्त 2019 को देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने बैंकिंग क्षेत्र को और अधिक मजबूत बनाए जाने के उद्देश्य से सरकारी क्षेत्र के बैंकों के आपस में विलय की घोषणा की थी।

सरकारी क्षेत्र के बैंकों की, समेकन के माध्यम से, क्षमता अनवरोधित (अनलाक) करने के उद्देश्य से सरकारी क्षेत्र के बैंकों के आपस में विलय की घोषणा की गई थी। इन बैंकों के विलय में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया था कि इनके विलय से किसी भी ग्राहक को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो, ये तकनीक के लिहाज से एक ही प्लेट्फार्म पर हों, इन बैंकों की संस्कृति एक ही हो तथा इन बैंकों के व्यवसाय में वृद्धि दृष्टिगोचर हो।

प्रह्लाद सबनानी

मिला जुला

मनोज तिवारी ने केजरीवाल पर कसा तंज, जानें राजा साहेब के 'आम से खास' होने के अलावा और क्या कहा?

दिल्ली बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष और सांसद मनोज तिवारी ने रविवार को राजधानी के रामलीला मैदान में केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ आम आदमी पार्टी की महारैली से पूर्व एक ट्वीट कर सीएम अरविंद केजरीवाल पर तंज कसा है. उन्होंने अपना एक वीडियो पोस्ट कर बताया है कि रविवार को आप की महारैली इस बात की जानकारी हमें भी मिली है. इसके अलावा उन्होंने सबसे पहले यह जिक्र किया कि अब आप आम आदमी पार्टी नहीं

रही. ये खास आमदी पार्टी हो गई है. कल जब अरविंद केजरीवाल जो खास आदमी पार्टी के लीडर हैं, वो जिस घर से रामलीला मैदान के लिए निकलेंगे, वो घर 174 करोड रुपये का है. दुनिया में किसी भी सीएम का घर इतने रुपये का का नहीं है. रविवार को उसी राजमहल से आम आदमी नहीं निकलेंगे, राजमहल से राजा साहेब निकलेंगे. वह जिन गाड़ियों के काफिले से आएंगे उन गाड़ियों के काफिलों की कीमत आठ से दस करोड रुपए है. ऐसे खास आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल जी जब रामलीला मैदान में आएंगे तो उन्हें देखना बड़ा इंटरेस्टिंग होगा.

आज एक तानाशाह को सत्ता से हटाने के लिए इकट्ठा हुए हैं...' आप की महारैली में बोले केजरीवाल

नई दिल्ली. दिल्ली सरकार में अधिकारियों की नियुक्ति और तबादले को लेकर केंद्र सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश के विरोध में आम आदमी पार्टी की ओर से आज रविवार को रामलीला मैदान में महारैली का आयोजन किया जा रहा है। इस महारैली के जरिये आप शक्ति प्रदर्शन कर रही है। दिल्ली में आठ वर्ष से सत्तासीन आप की यह पहली महारैली है।

चाचा से बगावत करेंगे अजीत पवार? एनसीपी की बैठक से अचानक बाहर निकलकर चौंकाया

सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष बनाने की घोषणा के साथ ही शरद पवार की पार्टी में बगावत की बू आने लगी है। जिस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के गन्ना बेल्ट में पार्टी के 'नट-एंड-बोल्ट्स' मैन के रूप में जाने जाने वाले अजीत पवार को दरकिनार कर दिया गया, उससे वह जल्द ही बाहर निकाल गए। उन्होंने पार्टी के नए नवेले कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल को बधाई तक नहीं दी। हालांकि, एनसीपी ने किसी भी बगावत से

साफ इनकार कर दिया है।

एनसीपी ने कहा, 'अजीत पवार के पास पहले से ही महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में जिम्मेदारियां हैं। जयंत पाटिल पर भी पार्टी की जिम्मेदारी थी। प्रफुल्ल पटेल और सुप्रिया सुले की पार्टी में कोई भूमिका नहीं थी, इसलिए अब उन्हें ये जिम्मेदारियां दी गई हैं।

इस बात में एक फीसदी भी सच्चाई नहीं है कि अजीत पवार नाराज हैं।' प्रफुल्ल पटेल को बधाई में शब्द कहे बिना ही अजीत पवार कार्यक्रम से बाहर निकल गए। यह पूरी घटना भले ही दिल्ली में हुई है, लेकिन बवाल मुंबई में मचा हुआ है। आपको बता दें कि अजीत पवार ने नवंबर 2019 में उस समय सनसनी पैदा कर दी थी, जब उन्होंने देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में डिप्टी सीएम के रूप में शपथ लेने के लिए बीजेपी के साथ हाथ मिलाया था। विद्रोह समाप्त हो गया और वह एनसीपी में वापस आ गए। हालांकि, उनकी बेचैनी के बारे में अटकलें जारी रहीं। एनसीपी में कई विधायक ऐसे भी हैं, जो अजीत पवार में आस्था रखते हैं।

झारखंड बंद को सफल बनाने के लिए अल्बर्ट एक्का चौक से निकलेंगे समर्थक

झारखंड में नियोजन नीति के विरोध में झारखंड यूथ एसोसिएशन के द्वारा दो दिन 10 और 11 जून को झारखंड बंद आहूत किया गया है. बंद के पहले दिन राज्य के कई जिलों में यह बंद प्रभावी नजर आया. ऐसे में पुलिस दूसरे दिन और अलर्ट मोड पर है ताकि बंद समर्थकों से निपटा जा सकें. रांची में 1500 पुलिस जवान तैनात किए गए हैं. मुख्यमंत्री आवास, मोरहाबादी मैदान और उसके आसपास इलाके में दो दर्जन से अधिक अलग से सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है. इसके अलावा दो ड्रोन कैमरा भी रखा गया है. जेएसएसयू के छात्र नेता देवेंद्र महतो के नेतृत्व में पांच परगना क्षेत्र राहे, सोनाहातु ,सिल्ली, तमाड़ बुंडू बाजार को बंद कराने के बाद झारखंड का लाइफ लाइन रोड एनएच 33 रांची जिला में स्थित टॉल प्लाजा गेट बुंडू के पास 3 घंटा जाम रहा.

बेहद तीव्र होगा चक्रवाती तूफान बिपरजॉय!

मौसम विभाग ने इन हिस्सों में जताया बारिश का अनुमान

नई दिल्ली। अरब सारब में बना चक्रवाती तूफान बिपरजॉय 5 किमी प्रति घंटे की गति के साथ उत्तर की ओर बढ़ गया और अगले 6 घंटों के दौरान और भी ज्यादा तीव्र हो सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी है।

कहां-कहां होगा इसका असर?

मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती तूफान 'बिपरजॉय' के लगभग उत्तर की ओर बढ़ने की संभावना है, जबकि 15 जून की दोपहर पाकिस्तान के आसपास और सौराष्ट्र के साथ कच्छ तट के पास पहुंचने का पूर्वानुमान है।

मौसम विभाग ने क्या कुछ कहा?

आईएमडी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर ट्वीट किया,बहुत गंभीर चक्रवाती तूफान (VSCS) #Biparjoy अक्षांश 17.4N और लंबी 67.3E, मुंबई के लगभग 600 किमी WSW, पोरबंदर के

राजस्थान में बारिश की संभावना

इससे पहले मौसम विभाग के जयपुर केंद्र ने चक्रवाती तूफान की वजह से अगले सप्ताह राजस्?थान के कुछ हिस्सों में बारिश होने की संभावना जताई थी। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, 14-15 जून को राजस्थान के दक्षिणी और पश्चिमी भागों में बारिश की गतिविधियां दर्ज होने की संभावना है। इस दौरान जोधपुर व उदयपुर संभाग के जिलों में गर्जना के साथ ही बारिश भी हो सकती है।

530 किमी दक्षिण-दक्षिण पश्चिम और कराची के 830 किमी दक्षिण के पास केंद्रित है। 15 जून की दोपहर पाकिस्तान के आसपास और सौराष्ट्र और कच्छ तट के पास पहुंचने की संभावना है। इस बीच, कराची पोर्ट ट्रस्ट (KPT) ने रेड अलर्ट जारी किया है। पाकिस्तान स्थित एआरवाई न्यूज ने शनिवार को बताया कि महानगर के दक्षिण में लगभग 900 किलोमीटर दूर होने का अनुमान था। एक बयान में कहा गया कि ट्रस्ट ने घोषणा की कि 25 समुद्री मील से ऊपर तेज हवाओं के मामले में शिपिंग गतिविधियां निलंबित रहेंगी।

इन इलाकों में भारी वर्षा का अलर्ट

रायटर के अनुसार, मौसम विभाग द्वारा चक्रवात के अत्यधिक गंभीर होने की चेतावनी के बाद गुजरात के अलावा महाराष्ट्र, गोवा और अन्य तटीय राज्यों में भी अलर्ट की घोषणा की गई है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक केरल और तटीय कर्नाटक में छिटपुट स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी दी है।

शरद पवार ने अजित पवार के जख्मों पर लगाया मरहम! बताया क्यों नहीं दी गई जिम्मेदारी

शरद पवार ने कहा कि दो कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने का निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए है कि देशभर के मामलों को देखने के लिए पार्टी के पास पर्याप्त लोग हैं। सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा से शरद पवार ने सभी को चौंका दिया है। अजित पवार के लिए भी यह बड़ा झटका है। ऐसा कहा जा रहा है कि पार्टी के इस फैसले से अजित पवार की नाराजगी बढ़ सकती है, जिस पर शरद पवार का बयान आया है। खबर के मुताबिक, शरद पवार से पूछा गया कि सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर जिम्मेदारी सौंपने के फैसले से क्या अजित पवार नाराज नहीं हैं। इस पर शरद पवार ने कहा कि वह पहले से ही कई जिम्मेदारियां संभाल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दो कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने का निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए

अजित पवार महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं। कुछ समय पहले वह पार्टी से नाराज चल रहे थे, जिसके बाद अटकलें लगाई जा रही थी कि वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं। साल 2019 में अजित पवार ने एनसीपी-भाजपा गठबंधन सरकार में डिप्टी सीएम के तौर पर शपथ ली थी। हालांकि, बाद में गठबंधन टूट गया और एनसीपी ने शिवसेना और कांग्रेस के साथ मिलकर महाविकास अघाड़ी गठबंधन की सरकार बनाई।

कल एनसीपी के स्थापना दिवस पर शरद पवार ने यह घोषणा की है। कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के बाद प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि वह पार्टी के लिए पूरी मेहनत के साथ काम करेंगे।

है कि देशभर के मामलों को देखने के लिए पार्टी के पास पर्याप्त लोग हैं। उन्होंने कहा कि देश में अभी के हालातों को देखते हुए सभी राज्यों की जिम्मेदारी सिर्फ एक व्यक्ति पर ड़ालना गलत होगा। शनिवार (10 जून,2023) को शरद पवार ने सुप्रीया सुले और प्रफुल्ल पटेल के नाम का एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर ऐलान किया था।

महिला स्व सहायता समूह को गंदी-गंदी गालियां मछली मारी,परेशान महिला समूह ने दी थाने में आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

महिलाओं को सशक्तिकरण बनाने के लिए छत्तीसगढ़ के मुखिया हर एक सम्भव प्रयास कर रहे लेकिन ग्रामीण क्षेत्रो में इसका लाभ महिला समूहों को भलीभांति नहीं मिल पा रहा है इसका ताजा मामला ग्राम उधरा के आश्रित ग्राम डूमरडीह का है जहां शकुंतलम महिला स्व सहायता समूह के द्वारा सारंगढ़ कोतवाली थाने में महिला समूहों ने लिखित शिकायत कर न्याय की मांग किया गया है। जिसपर महिलाओं पर हो रहे अत्याचार अन्याय और विभिन्न प्रकार के शोषण और सामाजिक रूप से किया जाने वाला किसी भी प्रकार का प्रताड़ना को ध्यान में रखते हुए तथा महिलाओं के सभी प्रकार के विकास कार्यों के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही है। और लगातार ऐसी ऐसी योजनाएं भी लाती जा रही है जिनसे महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के नए-नए अवसर और माध्यमों को बनाने के लिए सरकार निम्न से लेकर उच्च स्तर तक लगातार प्रयासरत रही है जिसमें महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत सारे स्व सहायता समूह स्वरोजगार के प्रति महिलाओं को सजग करना एवम उसके लिए सहायता राशि एवं सहयोग प्रदान करना एवं जिसके पास साधन ना हो उन्हें सरकारी तथा गैर सरकारी तरीकों से साधन उपलब्ध करवाना इत्यादि कार्य महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके उत्थान के लिए कर रही है एवं महिलाओं को किसी भी प्रकार की असुविधाओं का सामना ना करना पड़े इसलिए सरकार ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों तक महिलाओं के लिए विभिन्न सारी आपातकालीन व्यवस्थाएं भी करती है। जिनमें महिला स्व सहायता समूहों को गौठान के माध्यम, मछली पालन,ऐसे बहुतो सारी योजना दिलवाया जा रहा है जिस पर ओर अंतर्गत महिला सुरक्षा, महिला बाल विकास, पोषण संबंधित कार्य एवं चिकित्सा संबंधित कार्य तथा महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए स्कूलों में प्राथमिकता इत्यादि की पहल करती रहती है। वहीं बात की जाए ग्राम पंचायत उधरा के आश्रित ग्राम डूमरडीह की जहां पर महिलाओं से अभद्रता का सारी सीमाएं लांघते हुए एक मामला सामने आया है जिसमें महिलाओं को गाली गलौच किया गया जिसमें उन सभी सदस्यों को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है जिससे समाज में अपमानित स्थिति में अवमानना का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि शकुंतलम महिला स्व सहायता समूह के द्वारा मूड़ा तालाब और पन्खत्ती तालाब में मछली पालन 10 वर्षीय पट्टे पर लेकर मछलियां तालाब में डाली गई थी और मछली पालन की जा रही थी। मगर डूमाडीह के ही प्रेम अजय, प्यारेलाल प्रमोद, रामधनी, लखन इत्यादि के द्वारा लीज पर ली हुई तालाब में जाली डालकर मछली मारने का काम किया जा रहा थाए तथा मना करने पर महिलाओं को गाली गलौज कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। वही मतस्य अधिकारी को भी धक्का,मुक्की,मारपीट जैसे स्थिति निर्मित किया गया जिसका वीडियो भी महिला समूह के पास मौजूद है। और इसी तरह बीच-बीच में तालाब में जाल डालकर मछलियां मारी जा रही थी और बोलने पर गाली गलौज कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता था तथा जिससे महिला स्व सहायता समूह के सदस्य काफ ी शर्मिंदगी, और अपने ऊपर अंगर्ल शब्दों का उपयोग से लज्जा भंग होने से चिंतित है वही समूह के द्वारा इसी समस्या को लेकर थाने में लिखित में शिकायत पत्र थाना प्रभारी को दिया गया जिसमें मछली पालन के दौरान अन्य व्यक्तियों के द्वारा किया जाने वाला महिलाओं पर अभद्र कृत्य पर उचित दंड एवं निराकरण के संबंध में आवेदन दिया गया है। अब देखना यह है कि महिलाओं पर हो रहे इस तरह के अत्याचार और अभद्रता भरे कृत्य को लेकर पुलिस प्रशासन के ऊपर महिला समूह की निगाहें टिकी हुई है।

प्रेमी के सुसाइड के गम में प्रेमिका ने किया सुसाइड, ये जानकर प्रेमिका के दूसरे प्रेमी ने भी कर ली आत्महत्या

अंबिकापुर। प्यार ने 3 युवाओं की जान ले ली. अब इन तीनों युवाओं के घर मातम छाया हुआ है. करीब 40 दिन पहले युवती के प्रेमी ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया था, इस घटना के बाद युवती काफी सदमें में थी और गुमसुम रह रही थी। जिसके बाद युवती ने भी आम के पेड़ में फांसी लगा ली, इसकी जानकारी जैसे ही युवती के दूसरे प्रेमी को मिली उसने भी सुसाइड कर लिया. ये पूरा मामला अंबिकापुर के उदयपुर थानाक्षेत्र के कुमडेवा का बताया जा रहा है. तीनों युवाओं के सुसाइड के बाद पूरे क्षेत्र में इस प्रेम कहानी की चर्चा है और इन तीनों परिवारों में मातम छाया हुआ है. जानकारी के मुताबिक 22 वर्षीय युवती ने दुपट्टे से घर के पीछे आम के पेड़ में फांसी लगा कर आत्महत्या की. परिजन के अनुसार युवती शाम को खाना खाकर गांव में ही घूमने निकली थी, काफी देर तक घर नहीं लौटी तो उसका पता लगाने परिजन निकले लेकिन कहीं पता नहीं चला। वापस लौटने के बाद घर के पीछे गए तो देखा कि युवती दुपट्टे से पेड़ में फांसी पर लटकी हुई थी. प्रारंभिक जांच में पता चला है कि युवती ग्राम छापर के एक युवक से प्रेम करती थी, डेढ़ महीने पहले युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी. उसके बाद से युवती गुमसुम रहती थी और किसी से बातचीत नहीं कर रही थी. ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है. इसी गम में उसने आत्महत्या की होगी, इधर युवती की आत्महत्या के बाद घुटारापारा के ही एक युवक अभय सिंह पिता स्व. फेकु सिंह उम्र ने भी सुसाइड कर लिया. दूसरे युवक ने भी जंगल किनारे घर से कुछ दूर महुआ के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगा कर जान दे दी।

राज्य सरकार के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की भर्तियां

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

राज्य शासन के पीएससी, हाईकोर्ट, जिला कोर्ट और आयुर्वेद, ट्राइबल, राजस्व विभाग की भर्ती विज्ञापन जारी हुई है। इनमें हाई कोर्ट बिलासपुर छत्तीसगढ़ के स्टेनोग्राफ र पद के लिए 20 जून 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी हाईकोर्ट डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। जिला आयुर्वेद अधिकारी महासमुंद द्वारा चतुर्थ श्रेणी पद हेतु 20 जून 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी महासमुंद डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा पुरातत्व अधिकारी, पुरालेख वक्ता, मुद्रा शास्त्री, पुरातत्ववेत्ता, संग्रह अध्यक्ष पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है आवेदन की अंतिम तिथि 17 जून 2023 है। विस्तृत जानकारी के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट पीएससी डॉट सीजी डॉट जीओवी इन पर उपलब्ध है। जिला आयुर्वेद अधिकारी जिला कबीरधाम द्वारा चतुर्थ श्रेणी पद के लिए 20 जून 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है आवेदन की विस्तृत जानकारी कवर्धा डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। कलेक्टर जिला बिलासपुर द्वारा विभिन्न पदों के लिए 15 जून 2023 तक आमंत्रित किया गया है। इसी प्रकार जिला आयुर्वेद अधिकारी बिलासपुर द्वारा चतुर्थ श्रेणी पद के लिए 28 जून 2023 तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है। इन दोनों विज्ञापनों की विस्तृत जानकारी बिलासपुर डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा चतुर्थ श्रेणी पद के लिए 20 जून 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी वेबसाइट हाईकोर्ट डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। जिला आयुर्वेद अधिकारी जांजगीर चांपा द्वारा चतुर्थ श्रेणी पद के लिए 20 जून 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जांजगीर चांपा डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोरिया बैकुंठपुर द्वारा सहायक प्रोग्रामर स्टेनोग्राफर हिंदी एवं अंग्रेजी सहायक ग्रेड 3 एवं चतुर्थ श्रेणी पद के लिए 30 जून 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है विस्तृत जानकारी वेबसाइट डिस्ट्रिक्टस ईकोर्टस डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। कार्यालय कलेक्टर रायपुर महिला बाल विकास शाखा द्वारा नवा बिहान अंतर्गत संरक्षण अधिकारी पद के संविदा भर्ती के लिए 16 जून 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। विस्तृत जानकारी वेबसाइट रायपुर डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। कार्यालय कलेक्टर बलौदा बाजार भाटापारा द्वारा तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न पदों हेतु स्पीड पोस्ट के माध्यम से 21 जून 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी वेबसाइट बलोदाबाजार डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। कार्यालय कलेक्टर जिला गरियाबंद राजस्व विभाग भू अभिलेख शाखा द्वारा सहायक ग्रेड 3 स्टेनो टाइपिस्ट वाहन चालक एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों हेतु और कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास विभाग द्वारा तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों के लिए भी ऑनलाइन आवेदन 15 जून 2023 तक आमंत्रित किया गया है विज्ञापन की विस्तृत जानकारी गरियाबंद डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है।

ऑनलाइन आवेदन के लिए जिला गरियाबंद डॉट जीओवी डॉट इन मेनू नोटिस के सब मेनू भर्ती रिक्रूटमेंट में लिंक उपलब्ध रहेगी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला कबीरधाम कवर्धा द्वारा स्टेनोग्राफ र हिंदी, सहायक ग्रेड 3 एवं भृत्य पद के लिए 30 जून 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। विस्तृत जानकारी वेबसाइट डिस्ट्रिक्टस ईकोर्टस डॉट जीओवी डॉट इन कबीरधाम कवर्धा पर उपलब्ध है। कार्यालय प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय बिलासपुर द्वारा चतुर्थ श्रेणी पद के लिए आवेदन 30 जून 2023 तक आमंत्रित किया गया है। विस्तृत जानकारी वेबसाइट डिस्ट्रिक्टस ईकोर्टस डॉट जीओवी डॉट इन बिलासपुर पर उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा व्यवहार न्यायाधीश प्रवेश स्तर परीक्षा 2023 के लिए ऑनलाइन आवेदन 24 जून 2023 तक आमंत्रित किया गया है।

भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका या किसान किताब को नया नाम का सुझाव आम जनता से आह्वान

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को एक लाख रूपए का पुरस्कार दिए जाने की घोषणा

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

किसान किताब प्रत्येक भू-स्वामी भू-धारी कृषक के जीवन का एक अभिन्न अंग रहा है। कृषक के समस्त कृषकीय एवं वित्तीय कार्य की अधिकारिक पुष्टि का स्त्रोत यह छोटी सी पुस्तिका ही रही है। यह कृषक की अस्मिता से सीधे संबंधित रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बलौदा बाजार-भाटापारा के विधानसभा क्षेत्र ग्राम कडार में आयोजित भेंट मुलाकात के दौरान भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका या किसान किताब की कृषक के जीवन में महत्ता को दृष्टिगत रखते हुये इसे एक नया सम्मान जनक नाम देने का आव्हान आम जनता से किया गया है और इसके नामकरण के लिए आम जनता से प्रस्ताव आमंत्रित करने एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को रूपये एक लाख का पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की गयी है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने आम जनता से 30 जून 2023 तक प्रस्ताव किया आमंत्रित

घोषणा के अनुरूप नामकरण को अंतिम रूप देने के लिये प्रतिभागियों से सुझाव आमंत्रित किये जाने हेतु विभाग द्वारा एक ऑनलाईन वेब पोर्टल तैयार किया गया हैं जिसका लिंक रेवेन्यू डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन है। इस पर प्रत्येक प्रतिभागी अपने मोबाईल नंबर को रजिस्टर कर अपनी एक प्रविष्टि 30 जून 2023 तक अपलोड कर सकते हैं। राज्य में प्रत्येक किसान मालगुजारी के समय से परंपरागत रूप से अपने स्वामित्व की भूमि का लेखा-जोखा एक पुस्तिका के रूप में धारित करता रहा है। मालगुजारी काल में बैल जोड़ी के चित्र वाली एक लाल रंग की पुस्तिका, जिसे असली रैयतवारी रसीद बही कहा जाता था। मालगुजारों द्वारा कृषकों को दी जाती थी। कालांतर में इस पुस्तिका को भू-राजस्व सहिता में कानूनी रूप दिया गया। भू-राजस्व संहिता के प्रभावशील होने के पश्चात् वर्ष 1972-73 में इस पुस्तिका का नामकरण भू अधिकार एवं ऋण पुस्तिका किया गया। भू अधिकार एवं ऋ ण पुस्तिका में कृषक द्वारा धारित विभिन्न धारणाधिकार की भूमि एवं उनके द्वारा भुगतान किये गये भू राजस्व, उनके द्वारा लिये गये अल्प एवं दीर्घकालीन ऋणों के विवरण का इन्द्राज किया जाता है। इसके अतिरिक्त भूमि के अंतरणों की प्रविष्टियों को भी इसमें दर्ज किया जाता रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के पश्चात् वर्ष 2003 में ऋण पुस्तिका का नाम किसान किताब किया गया लेकिन इसके उद्देश्यों एवं उपयोग में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। किसान किताब में किसान द्वारा धारित समस्त भूमि वैसे ही प्रतिबिंबित होती है जैसे यह भू-अभिलेखों में है।

मैत्री बाग में शेरनी ने एक साथ तीन शावकों को दिया जन्म, नौ हुई सफेद शेरों की संख्या

दुर्ग। भिलाई में मैत्री बाग में सफेद शेरनी ने एक साथ तीन शावको को जन्म दिया है। सभी शावको को डॉक्टरों को निगरानी में रखा गया है सफेद शेरनी रोमा ने डेढ़ माह पूर्व एक नन्हे शावक को जन्म दिया था वर्तमान में मैत्री बाग में नौ सफेद शेर मौजूद हैं। मैत्री बाग उद्यान विभाग प्रबंधन के डॉ. एनके जैन ने बताया कि शेरनी रक्षा ने तीन नन्हें शावकों को जन्म दिया है। इनके पिता का नाम सुल्तान है इसके एक वर्ष पूर्व भी शेरनी रोमा ने एक नन्हें शावक को जन्म दिया गया था। जन्म के पश्चात चार माह तक नन्हें शावकों को मां के सानिध्य में डाक्टरों की विशेष निगरानी में स्तनपान एवं अन्य कारणों से डार्क रूम में रखा जाता है। मैत्री बाग में जन्मे नन्हें शावकों को भी डॉक्टर द्वारा अपनी निगरानी में रखा गया है और मेडिसिन के रूप में उन्हें विशेष प्रकार की विटामिन युक्त दवाइयां दी जा रही है। वर्ष 1997 में सफ़ेद शेर का एक जोड़ा नंदन वन चिड़िया घर भुनेश्वर (ओडिसा) से मैत्री बाग में लाया गया था। अनुकूल वातावरण और बेहतर रख रखाव के कारण यहां सफ़ेद शेरों की वंश वृद्धि लागातार होती रही। पूर्व में भी मैत्री बाग में 12 से भी अधिक सफ़ेद बाघों का प्रजनन कराया गया है और उक्त प्रजनन क्षमता एवं वंश वृद्धि के दृष्टिगत ही पुरे देश भर में मैत्री बाग के सफ़ेद शेरों की बेहद मांग है। जिसे मैत्री बाग प्रबंधन ने सेंट्रल जू ऑथोरिटी के नियमानुसार देश के पांच से भी अधिक चिडियाघरों के साथ विनिमय किया है। पूर्व के छह शेरों और तीन नन्हें शावकों को मिलाकर मैत्री बाग चिड़ियाघर में वर्तमान में सफेद शेरों की संख्या अब नौ हो गई है।

नक्सली कर रहे ड्रोन से निगरानी

सुरक्षाबलों, पुलिस कैंप के ऊपर दिन और रात में नज़र आता है संदिग्ध ड्रोन

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में कुछ महीने से जवानों को दिन और रात में संदिग्ध ड्रोन देखे जाने की बार-बार सूचना मिल रही थी. कई बार इस ड्रोन को सर्चिंग के दौरान जवानों पर और सुरक्षा बलों के कैम्प के ऊपर भी मंडराते हुए देखा गया. इसके बाद बस्तर पुलिस इसकी जांच पड़ताल में जुट गई और आखिरकार अब पुलिस को पुख्ता सबूत मिले हैं कि यह ड्रोन किसी और के नहीं बल्कि नक्सलियों की है.

दरअसल, नक्सली भी पुलिस के तर्ज पर सुरक्षा बलों के कैंप और जवानों के सर्चिंग के दौरान ड्रोन से नजर रख रहे है. यह ड्रोन कई बार पुलिस के रडार में भी आये लेकिन जवानों को यह अंदाजा भी नहीं था

पुलिस को मिले सबूत

कि यह नक्सलियों के ड्रोन हो सकते हैं. लेकिन हाल ही में तेलंगाना राज्य के कोत्तगुड़ेम भद्रादी पुलिस ने जब नक्सल सहयोगियों के पास से ड्रोन जब्त किया तो बस्तर पुलिस का शक यकीन में बदल गया कि नक्सली छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के फोर्स पर ड्रोन से नजर रख रहे हैं.

जवानो पर और पुलिस कैम्पो पर मंडराते देखा गया ड्रोन

बस्तर के आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के नक्सली सुरक्षाबल के जवानों और उनके ठिकानों पर ड्रोन के जरिए नजर रख रहे हैं. प्रारंभिक पड़ताल में जो बातें सामने आई हैं उससे पता चलता है कि बस्तर में सक्रिय नक्सली संगठनों के पास 10 से अधिक ड्रोन उपलब्ध हैं. नक्सली जिस ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं. वह ऑनलाइन प्लेटफार्म पर आसानी से उपलब्ध है। शादी समारोह में वीडियोग्रॉफर जिस ड्रोन का इस्तेमाल करते हैं ये वही ड्रोन है. इसे ऑपरेट करने के लिए विशेष ट्रेनिंग की भी आवश्यकता नहीं होती. चूंकि ड्रोन खरीदने और बेचने को लेकर नीति तय नहीं है. इसलिए इसका लाभ अब नक्सली भी उठा रहे हैं. आईजी का कहना है कि लगातार तेलंगाना के कई इलाके और बस्तर के सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर जैसे इलाकों में जवानों ने अपने कैम्पो में और जंगलो में सर्चिंग के दौरान भी आसमान में ड्रोन को मंडराते हुए देखा है. ऐसे में अब जवानों को खास सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं .साथ ही पुलिस कैम्पो के ऊपर ड्रोन देखे जाने पर उसकी तुरंत पड़ताल करने के भी निर्देश दिए हैं।

भद्रादी पुलिस ने नक्सलियो का ड्रोन किया था जब्त

इधर हाल ही में तेलंगाना के चेरला के नजदीक कोत्तगुड़ेम भद्रादी पुलिस ने नक्सलियो के सहयोगी और उनके लिए कुरियर का काम करने वाले नागेश्वर राव. मल्लिकार्जुन राव और पोंगुलु उमाशंकर को जब गिरफ्तार किया तब पूरा घटनाक्रम समझ में आया. उमाशंकर बीजापुर जिले के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र पामेड़ का रहने वाला है.. इनके पास से पुलिस ने लेंथ मशीन के साथ ड्रोन बरामद किया. जो वे नक्सलियों के पास लेकर जा रहे थे. इससे स्पष्ट हुआ है कि नक्सली अब सुरक्षाबलो के मूवमेंट पर नजर रखने ड्रोन का उपयोग कर रहे हैं. वही अब तेलंगाना और छत्तीसगढ़ की पुलिस ड्रोन को लेकर सतर्कता बरतने की बात कह रही है।

एक नजर

नेता के घर चल रही बर्थ-डे पार्टी में पहाड़ी कोरवा महिला से दुष्कर्म, आरोपी नेता गिरफ्तार

जशपुर। राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले विशेष जनजाति कोरवा महिला से बीजेपी नेता के घर चल रही बर्थ-डे पार्टी में दुष्कर्म का मामला सामने आया है. बीजेपी नेता के घर चल रही पार्टी में इतनी हैवानियत हुई कि महिला के बेहोश होने तक उसके साथ दुष्कर्म किया गया और उसके बाद उस महिला को निवस्त्र जंगल में ही छोड़ दिया गया. सुबह-सुबह जब मनरेगा में काम करने जा रही महिलाओं ने पीड़िता को

देखा तो इसकी जानकारी उन्होंने पीड़िता के घर वालों को दी, जिसके बाद वे पीड़िता को अपने घर लेकर आए और पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की। पहले तो पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन बात जैसे-जैसे राजनीतिक गलियारों में फैलती गई और पुलिस के उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद बगीचा थाने में आरोपी बीजेपी नेता और सामरबहार के पूर्व जनपद सदस्य सरयू पैकरा को गिरफ्तार कर लिया है। इस पूरी घटना की पुष्टि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप ने की है. वहीं अब इस मामले में पुलिस ये भी जांच कर रही है कि दुष्कर्म करने वाले लोगों में सिर्फ एक भाजपा नेता था या बर्थ-डे पार्टी में शामिल कुछ अन्य लोगों ने भी पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया।

पीड़ित परिवार के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्र में यदि बर्थ-डे पार्टी होती है तो सभी चले जाते है. इस मामले में भी ऐसा ही हुआ. यहां पार्टी में शामिल होने पीड़िता का पूरा परिवार गया था, लेकिन थोड़ी देर बाद परिवार लौट आया और पीड़िता वहीं रूक गई, जिसके बाद उसके साथ ये हैवानियत हुई. वहीं इस मामले में पुलिस पीड़िता से भी पूरे घटनाक्रम को लेकर पूछताछ कर रही है ।

अर्बन पीएचसी के निर्माण कार्य को जुलाई माह तक करें पूर्ण :- कलेक्टर

कलेक्टर ने अर्बन पीएचसी सहित अन्य विकास कार्यों का किया निरीक्षण

जगदलपुर। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के.ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारपारा और धरमपुरा के निर्माण कार्य को जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने अर्बन पीएचसी तक पहुँच मार्ग, बाउंड्रीवाल निर्माण, हमर अस्पताल का निर्माण,पार्किंग स्थल के साथ-साथ भवन के डिजाइन व रंगरोगन के सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने परिसर में स्थित पेड़ो को बचाते हुए विकास कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विजय ने रविवार को जगदलपुर शहर के अर्बन पीएचसी सहित अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला प्रशासन के सहयोग से स्टार्ट अप को बढ़ावा देने के लिए संचालित थिंक-बी कार्यालय का निरीक्षण किया। थिंक बी से जुड़े अधिकारियों और स्टार्ट अप करने वाले संस्था के प्रतिनिधियों से चर्चा किए। कलेक्टर श्री विजय ने हाइ वैल्यू कमर्शियल क्रॉप,बस्तर को अलग पहचान देने वाले उत्पाद व कला और स्थानीय मार्केट के आधार पर स्टार्ट अप करने पर जोर देते हुए स्टार्ट अप संस्था के प्रतिनिधियों को प्रोत्साहित किया। इसके अलावा विश्वविद्यालय परिसर में मॉडल कॉलेज के संचालन के लिए भवन और आवश्यक संसाधन के लिए अधिकारियों के साथ मौका मुआयना कर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री हरेश मंडावी, एसडीएम श्री नंद कुमार चौबे, तहसीलदार अर्जुन श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

देर रात अर्बन पीएचसी का किया निरीक्षण

कलेक्टर विजय ने शनिवार की रात गीदम रोड़ राजेन्द्र नगर वार्ड में स्थित अर्बन पीएचसी का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने ओपीडी की स्थिति, दवाइयों की उपलब्धता और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया। साथ ही लाला जगदलपुरी ग्रन्थालय का भी निरीक्षण कर पुस्तकालय में पढ़ रहे अध्ययनार्थियों से प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी और संस्था द्वारा दी जा रही सुविधाओं के संबंध में चर्चा किए। निरीक्षण में अपर कलेक्टर श्री हरेश मंडावी, निगम आयुक्त श्री पैकरा भी साथ रहे।

दीपका सड़क मरम्मत नहीं कराए जाने से नाराज ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

कोरबा । दीपका थाना से हरदीबाजार तक सड़क वर्षा के पहले बनाने की पहल शुरू नहीं की गई। इससे नाराज ग्रामीणों ने जिला महिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण की अध्यक्ष व सभापति जनपद पंचायत कटघोरा प्रभा सिंह तंवर की अगुवाई में चक्काजाम कर दिया। इससे मार्ग में आवागमन बंद हो गया।

भाजपा ने निकाली आदिवासी पुरखौती सम्मान यात्रा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

अनुसूचित जनजाति मोर्चा के बैनर तले प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री एवं रामपुर विधायक ननकी राम कंवर के नेतृत्व मे भारतीय जनता पार्टी की आदिवासी पुरखौती सम्मान यात्रा शुरू हुई। यह यात्रा जशपुर जिले के बगीचा ब्लाक के संत गहिरा गुरु की कर्मस्थली कैलाश गुफा से संत गहिरा गुरु के पुत्र गेंद बिहारी सिंह के द्वारा भगवान महादेव के पूजा पाठ से यात्रा शुरू हुआ, यात्रा यहां से घोरडेगा, पकरीटोला, सन्ना, केसरा से जशपुर होते हुए पत्थलगांव के लिए रवाना हुई पत्थलगांव से लैलूंगा होते हुए कोरबा पहुंच कर सम्पन्न होगा

पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर ने कहा कि आदिवासी पुरखौती सम्मान यात्रा केवल कार्यक्रम नहीं बल्कि वक्त की जरूरत है। जिस छत्तीसगढ़ का स्वप्न देखकर हमारे आदिवासी नायकों ने अपना बलिदान देकर अपना सर्वस्व न्योछावर किया था। भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने उस छत्तीसगढ़ का सर्वनाश करदिया है। आदिवासी समाज ने देश और संस्कृति के लिए अपने जान तक की परवाह नहीं की और समाज कल्याण में काम किया। यात्रा मे शामिल जिला पंचायत जशपुर की अध्यक्ष रायमुनी भगत ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के स्वप्नदृष्टा पुरखो के आदर्शों कार्यो और उनके बलिदानो को सहेजना है। जिन्हे कांग्रेस की भूपेश सरकार पूरी तरह से भूल गई है। उन्होंने बताया कि संत गहिरा गुरु ने सामाजिक चेतना, शराब बंदी और जनजातीय समाज को आगे बढ़ाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। लेकिन भूपेश सरकार ने संत गहिरा गुरु के आदर्शो को पूरी तरह से तिलाजलि दे दी है। हाथ मे गंगाजल लेकर, शराब बंदी की कसम खाने वाले कांग्रेसी आज, शराब बिक्री मे भ्र्ष्टाचार कर अवैध कमाई करने में लगे हुए है। जशपुर सहित पुरे प्रदेश में पुरखो के आदर्श और सपने चकनाचूर हो रहे है। बीते समय में संत गहिरा गुरु के बेटे गेंद बिहारी के साथ हुई घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि जो सरकार संत समाज का सम्मान नहीं कर सकती, उसे सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैजान सरवर खान ने बताया कि इस कार्यक्रम में सुनीती राठिया, नीता भगत, शंकर गुप्ता, रीना बरला, शान्ति भगत, लालदेव भगत, सुरेन्द्र बेसरा, ललित नागेश, मंगल राम, राम स्वरूप यादव, संतोष सिंह, राजकपूर भगत, शारदा प्रधान, विनोद निकुंज, मनीजर राम, अरविंद भगत, मुकेश सोनी, सुषमा सिंह, गंगा राम भगत और रामनारायण यादव सहित भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे। चार भागो में चल रही है यात्रा जानकारी के लिए बता दें कि भारतीय जनता पार्टी कि पुरखोती यात्रा चार अलग अलग स्थानो से एक साथ शुरू हुई है। एक दल शहिद वीरनारायण की जन्म स्थली सोनाखान से शुरू हो कर बागबहरा, बसना,गरिया बंद, सिहावा होते हुए रायपुर पहुंच कर सम्पन्न होंगी। दूसरी यात्रा बलिदानी गुंडाधुर की जन्म स्थली सिहावा से शुरू होकर मोहला, मानपुर,बलौदा, चारमा होकर कांकेर मे सम्पन्न होगी। चौथी यात्रा संत गहिरा गुरु की कर्म स्थल कैलाश गुफा से शुरू हो कर लैलूंगा, पत्थलगांव हो कर कोरबा में सम्पन्न होगी। इसी तरह राजमोहिनी देवी की जन्म स्थली प्रताप पुर से शुरू हुई पुरखोती यात्रा बलरामपुर होते हुए अंबिकापुर मे सम्पन्न होगी।

एक नजर

भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष प्रकाश साहू के जन्मदिन उपलक्ष्य में विशाल नेत्रदान का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

जिला उपाध्यक्ष प्रकाश साहू की अनोखी पहल अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में सक्षम सेवा संस्थान छ.ग.के माध्यम से विशाल नेत्रदान शिविर का आयोजन कालेज के आडोटोरियम हाल में किया गया। जिसमे संस्थान के प्रमुख अनूप कुमार पाण्डेय एवं उनकी टीम उपस्थित रहे। जिसमे 59 रजिस्ट्रेशन किया गया। जिसमे अनेक समाज सेवी एवं युवा साथियों का योगदान रहा। उक्त कार्यक्रम के बारे में प्रकाश साहू ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात के 99 एपिसोड में देश वाशियों से अंगदान करने की बात कही थी। जिससे प्रेरणा लेकर यह नेत्रदान शिविर का आयोजन किया गया संस्थान के प्रमुख पांडेय ने नेत्रदान करने की कुछ जानकारी दे। जिसमे वो बोले कि नेत्रदान करने का जो भ्रामिक बातें है कि पूरा आंख को ही निकाल लिया जाता है। ये गलत है सिर्फ आंख का जो अपारदर्शी परत होता है उसे से उपयोग में लाया जाता है न कि पूरा आंख निकाल लिया जाता है। अन्य और भी कुछ बाते बताई, तथा आयोजन के समापन पश्चात प्रकाश साहू ने सभी साथियों का आभार व्यक्त किया।

कचहरी चौक थाना के सामने लगा घंटे जाम

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

सक्ती जिले के कचहरी चौक थाना के सामने शाम 4:30 बजे से लगभग एक घंटा जाम में स्थिति पैदा हो गई थी। उसका मुख्य कारण आज टेट की परीक्षा देने दूर-दूर से लोग सक्ती परीक्षा केंद्र में परीक्षा दिलाने आये थे उसके कारण जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। जो काफी लम्बे समय तक बनी रही उस जाम के कारण मरीज को जांजगीर ले जा रही एम्बुलेंस गाड़ी भी जाम में फंस गए जिसे ले देकर निकाला गया कचहरी चौक में आये दिन चक्का जाम की स्थिति निर्मित होती है आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है सामने थाना एवं कचहरी होते हुए भी यह स्थिति सोचने वाली बात है की थाने के सामने इस प्रकार की स्थिति पैदा होना पुलिस प्रशासन पर भी सवालिया निशान हैं। जिला तो बन गया है पर ट्रैफिक पुलिस की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण यह स्थिति पैदा होती है। उसी जाम में एक छात्रा गाड़ी के नीचे आते आते बच गई शाम होते ही लोग अपने अपने घर से निकल कर चौपाटी घुमने अपने परिवार के साथ आते हैं।

ग्राम पंचायत सेलुद के कार्तिक वर्मा निर्विरोध पंच बने

काँग्रेस समर्थकों ने हर्ष ब्यूक्त किया

पाटन । पाटन ब्लाक के सबसे बड़े ग्राम पंचायत सेलुद के वार्ड नंबर 11 में पंच पद हेतु दूसरा नामांकन पत्र दाखिल नहीं करने के कारण कांग्रेस समर्थित कार्तिक वर्मा ने निर्विरोध पंच बन गये है । इनके पंच बनने पर छग साख सहकारी समिति सेक्टर 1 भिलाई के अध्यक्ष जवाहर वर्मा पुर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा जनपद सदस्य खिलेश मारकंडे मिडिया प्रभारी त्रिभुवन यदु राकेश साहू मन्नू यदु चिंटु टिकरिहा दिलिप बंछोर संजय यादव सुभाष बंछोर रिखीराम बंछोर सुरेन्द्र बंछोर रामजी पटेल सुरेन्द्र कुर्रे चुरामन यादव रमेश कश्यप विष्णु वर्मा दिनेन्द्र जागडे रुपेश यदु मन्नु यादव जानकी ठाकुर राधा देवाँगन सुशील ठाकुर,तामसेन साहू,,त्रिवेणी बंजारे, सरोज यादव ने हर्ष ब्यक्त किया है।

नेवई गौठान में मंत्री ने रोपे फलदार पौधे

मरोदा के नागरिकों को मिलेगी अब सस्ती दवा, गृहमंत्री ने किया धन्वंतरी मेडिकल का उद्घाटन

रिसाली । दुर्ग ग्रामीण विधायक व लोकनिर्माण एवं गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने एक करोड़ 50 लाख का भूमिपूजन व लोकार्पण किया। उन्होंने मरोदा सेक्टर में धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स का उद्घाटन भी किया। इस दौरान मंत्री ने कहा कि उनका प्रयास है कि शीघ्र ही मरोदा क्षेत्र में आत्मानंद स्कूल खुले। गृहमंत्री ने लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में कहा कि वर्तमान में शिक्षा एवं स्वास्थ्य महत्वपूर्ण है। रिसाली निगम महज साढ़े तीन वर्ष पूर्व गठन हुआ है। अल्प समय में हमने 200 करोड़ से अधिक का विकास कार्य कर चुके है। आज लगभग डेढ़ करोड़ का विकास करने भूमिपूजन किया है। उन्होंने कहा कि मरोदा वासियों को रियायत मूल्य पर दवा उपलब्ध धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स से होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि शीघ्र ही मरोदा में भी आत्मानंद स्कूल खोला जाएगा। इसकेलिए वे भरसक प्रयास कर रहे है। भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेन्द्र साहू, महापौर परिषद के सदस्य चन्द्रभान सिंह ठाकुर, गोविंद चतुर्वेदी, अनुप डे, सनीर साहू, डोमन लाल बारले, एल्डरमेन संध्या वर्मा, संगिता सिंह, शिशिर साहू, अजीत यादव, संतू दास, मो. निजाम, आदि उपस्थित थे।

रेडियो धूम 89.6 के गेस्ट ऑफद डे में सेवा, समर्पण और त्याग के पर्याय-लीलाधर बानू खूंटे

रेडियो द्वारा देंगे सर्व समाज के लिए प्रेरणात्मक संदेश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रेडियो चैनल पर प्रसारित होने वाले रेडियो धूम 89.6 में इस बार गेस्ट ऑफ द डे के तौर पर सामाजिक कार्यकर्ता लीलाधर बानू खूंटे शामिल होंगे। रेडियो धूम 89.6 एक विचारणीय रेडियो चैनल है जिसमें प्रत्येक सप्ताह जिले के नागरिको कों बुलाया जाता है, जिसके तहत लीलाधर बानू खूंटे भी शहर वासियों के समक्ष अपनी बातों को रखेंगे और एक शांतिपूर्ण व सभ्य समाज की स्थापना हो उसके लिए अपनी विचारों से युवाओं को प्रेरित करेंगे। वर्तमान में बानू खूंटे युवा संकल्प संगठन के पूर्व अध्यक्ष व प्रगतिशील सतनामी समाज रायगढ़ के जिलाध्यक्ष के पद पर शुशोभित हैं पर वे सतनामी समाज के साथ-साथ सर्व समाज के कार्यक्रम पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहे हैं। इसके साथ समय-समय पर नि:सहाय व जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता करने से नही चूकते, जिसके कारण आज प्रदेशस्तरीय उनकी नाम गूंजती रहती हैं। यही वजह हैं कि रेडियो धूम 89.6 में आतिथ्य की कुर्सी में इन्हें बैठाया जा रहा हैं जिससे वें अपनी आदर्श व सिद्धातों को युवाओं को बता सकें जिससे युवा वर्ग के विवेक जागृत हो और वे अपने समाज व क्षेत्र में प्रगति की ओर गतिमान रहे। इसके साथ ही समाज के युवा पीढ़ी को यह संदेश देना चाहता हूं कि भारत में जिस तीव्र गति से जनसंख्या में बढ़ोतरी हो रही है उसके मद्देनजर हमें व्यवसायिक शिक्षा एउच्च शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ हमारे समाज को व्यवसाय, उद्योग जैसे उपक्रम स्थापित करने में आगे आना होगा। रिकॉर्डिंग के दौरान रेडियो धूम 89.6 के स्टेशन हेड रमाशंकर शुक्ला, आर जे राघव और रेडियो धूम की पूरी के सहयोग से इस कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग सहजता से संपन्न हुई।

विधानसभा में जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन में पहुंचे केन्द्रीय राज्यमंत्री

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा में जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन 11 जून को जिले के ग्राम गढ़गोढ़ी में आयोजित किया गया। जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री ग्रामीण विकास एवं इस्पात फगन सिंह कुलस्ते मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उद्बोधन में उन्होंने कहा कि 15 वर्षों में आप सभी ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार बैठी है और वही अब कांग्रेस के साढ़े 4 साल की कांग्रेस की सरकार है दोनों में जमीन आसमान का अंतर है जितने विकास कार्य भाजपा आरती जनता पार्टी के कार्यकाल में हुए हैं उतने छत्तीसगढ़ के इतिहास में कभी नहीं हुए। चारों ओर के राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने ही किया है। केंद्र सरकार जो नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बेहतरीन कार्य कर रही है। पिछले 9 वर्षों में बहुत विकास कार्य हुए हैं। अंशु का अनाज वितरण की बात हो जिसमें मुख्य रूप से आदिवासी समाज लाभान्वित हुआ है। इसका प्रत्यक्ष रुप से लाभ मिलता है। इसी प्रकार उन्होंने आगे कहा कि 16 लाख आवास छत्तीसगढ़ में स्वीकृत किया गया है लेकिन छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार उसे रोक रही है। कुलस्ते ने आगे कहा की फोटो सरकार को या जवाब देना पड़ेगा की उन्होंने गरीबों का आवास क्यों नहीं बनाया और इसका बदला छत्तीसगढ़ की जनता को उनसे लेना होगा। नल जल मिशन योजना के तहत हर घर में पेयजल पहुंचाने की योजना नरेंद्र मोदी सरकार ने ही बनाई थी। लेकिन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने इसमें काफी ढिलाई बरती और 2024 में यह पूर्ण ना हो सके इसलिए शिथिलता ला दी। इस महत्वपूर्ण योजना में छत्तीसगढ़ सरकार कोई प्रगति दिखाई नहीं दी। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि हम सभी को मिलकर अटल बिहारी वाजपेई के सपनों को साकार करना है और उन्हें छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना है। विगत साढ़े 4 सालों में कांग्रेस की सरकार ने एक भी मार्ग का निर्माण नहीं किया। इस प्रकार छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने भी सभा को संबोधित किया।

आदिवासियों के क्षेत्र में हुआ केंद्रीय मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत

भारतीय सम्मेलन के प्रभारी विद्या सुधार के नेतृत्व में केंद्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते का करमा नृत्य एवं आतिशबाजी के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर एवं नारे लगाकर आदिवासी बहुल ग्राम पंचायत गढ़गोढ़ी में स्वागत किया। इससे लगे हुए ग्राम अमलडीहा, रगजा से भी बहुत से ग्रामवासी पहुंचे थे। इस अवसर पर सांसद गुहा राम अजगल्ले, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल सिन्हा, जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, विकास केडिया, कमला पाटले, डॉ. खिलावन साहू, प्रीतम सिंह गवेल, राम अवतार अग्रवाल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेम लाल पटेल, गोपी सिंह ठाकुर,लाभार्थी सम्मेलन कार्यक्रम संयोजक विद्या सिदार, गगन जयपुरिया, टिकेश्वर गबेल, रामनरेश यादव, सैय्यद आबिद, सज्जू खान, संजय रामचंद्र, प्रेम पटेल, कृष्ण कुमार गबेल, लोकेश साहू, अभिषेक शर्मा, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी व आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

हौसलों की उड़ान से सपना हुआ साकार

स्टेट टॉपर सुनीता और प्रिया ने लिया हेलीकॉप्टर जॉयराइड का आनंद

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

रायपुर में बोर्ड परीक्षा में टॉप करने वाले प्रतिभाशाली छात्रों ने ऊंची उड़ान भरी। भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने शिक्षामंत्री डॉ.प्रेमसाय टेकाम के साथ हरी झंडी दिखाकर हेलिकॉप्टर को रवाना किया। एमसीबी जिले के भरतपुर विकासखंड से कु.सुनीता बैगा और मनेंद्रगढ़ विकासखंड से कु.प्रिया रोहरा शामिल हुई। विशेष पिछड़ी जनजाति की सुनीता बैगा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल भरतपुर में कक्षा 12 वीं मेरिट सूची में उत्तीर्ण की हैं और भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती हैं। हेलीकॉप्टर जॉयराइड को लेकर अपने अनुभव में सुनीता ने बताया कि मैं आज रातभर सो नहीं पाईए बार-बार घड़ी देख रही थी। कब सुबह होगी और कब मैं हेलीकॉप्टर में बैठूंगी। आखिरकार मैं हेलीकॉप्टर में बैठी और बहुत मजा आया। मेरे परिवार के कोई भी सदस्य आज तक हेलीकॉप्टर में नहीं बैठे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हमें हेलीकॉप्टर में घूमने का मौका दिया इसके लिए मैं उनको बहुत बहुत धन्यवाद देती हूं। विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल मनेन्द्रगढ़ की कक्षा 12 वीं की छात्रा प्रिया रोहरा ने हेलीकॉप्टर जॉयराइड के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि छोटे से शहर से आकर यहां हेलीकॉप्टर में बैठना किसी सपने से कम नहीं है। हेलीकॉप्टर जॉयराइड मिलने से मैं बहुत खुश हूं। उल्लेखनीय है कि नवगठित मनेंद्रगढ़,चिरमिरी,भरतपुर से प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले दो छात्रा मुख्यमंत्री के द्वारा आयोजित हेलीकॉप्टर जॉयराइड में पहुंचे। एमसीबी से प्रिया रोहरा और सुनीता बैगा ने रायपुर में जॉयराइड का आनंद लिया। मनेंद्रगढ़,चिरमिरी,भरतपुर कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा, प्रिया और सुनीता का उत्साहवर्धन करने के लिए रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित थे। उन्होंने दोनों छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी।

अश्वाशन नहीं नौकरी चाहिए, 40 नहीं 150 के पार चाहिए, नारे के साथ गुंजा चरहट माइंस खदान

हिण्डाल्को, जीएनसी के चरहट नया पीठ खदान में स्थानीय लोगों को नौकरी नहीं से आक्रोश में आकर बन्द कराया माइंस

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

समरी चरहट में एक नया पीठ खदान संचालित किया गया है। जिसको लेकर पूर्व में नौकरी की मांग को लेकर खदान माइंस बंद कराया गया था। सामरी, चरहट ग्राम पंचायत के स्थानीय, ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, सरपंच, सचिव, बीडीसी, सभी ग्रमीणों ने अनिश्चित कालीन हड़ताल का प्रदर्शन वहां के ग्रामीणों के द्वारा देखने को मिल रहा था। स्थनीय ग्रामीणों की यही मांग थी कि पूरे लोग को नही भी तो 60-70 लोगों को नौकरी में रखने की मांग किया गया था। हड़ताल में रह कर सभी ये लोग अपनी मांग कर रहे थे। 15.20 दिन तक हड़ताल जारी थी, उसके बाद हड़ताल स्थल पर पहुंच कर हिण्डाल्को के अधिकारी, जीएनसी के ठेकेदार, मैनेजर उपेंद्र सिंह व पुलिस प्रशासन के साथ उनकी मांगों को पूरा करने को अस्वाशन जा कर दिया गया था। और कहा गया था कि 4-5 दिसव के अंदर चार पंचायतों को मिलाकर 8.8 लोगों को मिलाकर 32 लोगों को नौकरी में रखने की बात कर अश्वाशन देकर हड़ताल को तोड़वाकर जीएनसी कंपनी अपनी खदान में माइनिंग शुरू कर देती है। और ना तो वहां के लोगों को 4.5 दिवस के बाद नौकरी मिल पाती है। ना ही कंपनी के लोगों के द्वारा नौकरी के विषय पर चर्चा करती है। लगभग 1 डेढ़ माह बाद फिर से लोगों ने अपनी मांग पूरा नहीं होने पर अपनी जायज मांग को लेकर जीएनसी ठेकेदार के प्रति नाराज जताते हुए। कुसमी अनुविभागीय को आवेदन देकर मांग रखी गयी थी। 2-4 दिवस के भीतर मांग नहीं पूरी की जाएगी तो हम फिर से चरहट माइंस खदान को पूर्ण रूप से बाधित कर दिया जाएगा। जिसकी जिमेदारी हिण्डाल्को जीएनसी कंपनी और प्रशासन की होगी। उसके बाद 10 जून 2023 को सुबह चरहट माइंस खदान पहुंच कर सभी स्थानीय ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों सरपंच, सचिव, बीडीसी के समर्थन में फिर से खदान में पहुच कर हड़ताल स्वरूप बैठ कर नारे बाजी कर ग्रमीणों में आकोश दिखा और उनका कहना है। की आज से 52 दिवस पहले हम धरना देकर हड़ताल पर बैठें थे। और कंपनी के लोगों ने हमे अस्वाशन देकर छल किया 40 लोगों की नौकरी की बात कह कर हड़ताल तोड़ कर अपनी खदान चालू करती है। ये झूठा अस्वाशन छल हम अब बर्दाश्त नही करेंगे। आज से हम अपनी अनिश्चित कालीन हड़ताल चरहट माइंस में फिर जारी रखते है। यह कहते हुए, कहा कि अब हमें 40 नहीं 150 लोगों को आश्वासन नहीं अब सभी को बी-फार्म में नौकरी चाहिए और जब तक बी-फार्म में नौकरी नहीं मिल जाती है। हम इस चरहट खदान माइंस में पे अपनी हड़ताल अनिश्चित कालीन जारी रखेंगे। बेबश मजबूर होकर स्थानीय ग्रामीण वहीं चरहट माइंस खदान धरना स्थल पे खाना खुद से बना कर खाने को मजबूर है। अब देखना होगा की खबर प्रकाशित होने के बाद फिर से चरहट के स्थानीय ग्रामीणों की मांग पूरी होती है भी की नही। उनका बी-फार्म में नाम लिया जाता है कि नही। कि पूर्व में जैसे झूठा अश्वाशन देकर हिण्डाल्को, जीएनसी कंपनी अपना काम चालू कर ली थी और ग्रामीणों को नौकरी नही दी थी। क्या ऐसा कुछ होगा या कंपनी कुछ उचित कदम उठाती है की नहीं अब देखना होगा।

कबीर खान की अगली फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ नजर आएंगे भुवन अरोड़ा

हिट स्ट्रीमिंग शो फर्जी में अपने काम से दर्शकों का जीत वाले एक्टर भुवन अरोड़ा स्टार निर्देशक कबीर खान की अगली फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में वह बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन के साथ काम करेंगे। कबीर बजरंगी भाईजान, एक था टाइगर और 83 जैसी फिल्मों का निर्देशन करने के लिए जाने जाते हैं। एक्टर कार्तिक आर्यन के साथ भुवन को-स्टार के रूप में एक अलग अवतार में नजर आएंगे। अपकमिंग प्रोजेक्ट के लिए अपने उत्साह को व्यक्त करते हुए, भुवन ने साझा किया: मैं कबीर सर के साथ काम करने के लिए बहुत उत्साहित और खुश हूं।



स्टाइलिश आउटफिट में राधिका मदान की कूल तस्वीरें वायरल

फैंस की बढ़ी दिलों की धड़कनें

राधिका मदान अपनी खूबसूरती से फैंस के दिलों को बेताब करने का हुनर बखूबी जानती हैं। उनकी किलर तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। वहीं, ग्रीन कलर की लेटेस्ट आउटफिट में एक्ट्रेस की बेहद ही स्टनिंग तस्वीरें वायरल हो रही हैं। एक्ट्रेस राधिका मदान ग्रीन और व्हाइट कलर के कॉम्बिनेशन में बेहद ही स्टनिंग तस्वीरों में गजब ढाहती नजर आ रही हैं। ओपन हेयर स्टाइल के साथ एक्ट्रेस राधिका मदान अपने किलर अंदाज से फैंस के दिलों पर कहर बरपा रही हैं। टीवी सीरियल मेरी आशिकी तुम से ही से अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस राधिका मदान फिल्मों में भी जलवा बिखेरती रहती हैं। एक्ट्रेस राधिका मदान अब बॉलीवुड में भी अपने झंडे गाड़ रही हैं। अपने अभिनय और खूबसूरती के दम पर एक्ट्रेस कई बड़े सितारों के साथ फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। वहीं, राधिका मदान ने फिल्म पटाखा से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनके दमदार रोल की सबने सराहना की। राधिका मदान फिल्म अंग्रेजी मीडियम, शिद्दत, मोनिका ओ माई डार्लिंग में नजर आ चुकी हैं। राधिका मदान की ग्लैमरस तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। वहीं, राधिका मदान का लेटेस्ट फोटोशूट देखकर फैंस उनकी खूबसूरती के कायल हुए जा रहे हैं। रेड बिकिनी में एक्ट्रेस राधिका मदान बेहद ही हॉट नजर आ रही हैं। फैंस उनकी टोंड बॉडी के दीवाने बने हुए हैं। एक्ट्रेस राधिका मदान की फैन फॉलोइंग 3.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

जूनियर एनटीआर के साथ काम करेंगी प्रियंका चोपड़ा

बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा दक्षिण भारतीय स्टार जूनियर एनटीआर के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड के अलावा हॉलीवुड फिल्मों में भी कामयाबी का परचम लहराया है।

हाल ही में प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड की वेब सीरीज सिटाडेल में नजर आई थीं। चर्चा है कि प्रियंका चोपड़ा निर्देशक प्रशांत नील की फिल्म में जूनियर एनटीआर के साथ नजर आने वाली है। यह फिल्म इंडिया-पाकिस्तान वॉर पर बेस्ड होने वाली है।

बताया जा रहा है कि इस फिल्म के लिए दीपिका पादुकोण और मृणाल ठाकुर से भी बात की गई थी लेकिन बात नहीं बनी। यदि सबकुछ सही रहा तो प्रियंका, जूनियर एनटीआर के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। जूनियर एनटीआर इस फिल्म के अलावा 'देवरा' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवरा' में उनके साथ सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर भी नजर आने वाली है।

अभिषेक बच्चन ने फिर मिलाया सुजॉय घोष से हाथ, थ्रिलर फिल्म को लेकर चल रही बातचीत

बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने में सफल रहे हैं। अभिनेता को दसवीं में उनकी अदाकारी के लिए सराहा गया तो ब्रीद इंटू द शैडो के दूसरे सीजन में भी वह कमाल के लगे। इन दिनों अभिनेता रेमो डिसूजा के साथ डांसिंग डैड की शूटिंग में व्यस्त चल रहे है। इसके बीच अब खबर आ रही है कि वह फिल्म निर्माता सुजॉय घोष के साथ एक फिल्म के लिए फिर हाथ मिला रहे हैं।

सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार, उन्होंने हाल ही में इस परियोजना पर बातचीत करना शुरू कर दिया है। दोनों ही इस थ्रिलर फिल्म के लिए साथ आना चाहते हैं। अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा तो इस साल के अंत तक इसकी शूटिंग भी शुरू हो जाएगी। सूत्र के मुताबिक, अंतिम स्क्रिप्ट पर अभी काम किया जा रहा है, जबकि सुजॉय बाकी चीजों पर भी साथ में ही काम कर रहे हैं।

दिलचस्प बात यह है कि अभिषेक और सुजॉय दोनों पहले भी साथ में काम कर चुके हैं और ऐसे में दोबारा साथ आने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने 2021 में आई क्राइम-थ्रिलर बॉब बिस्वास में साथ काम किया था। दीया अन्नपूर्णा घोष के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अभिषेक ने मुख्य भूमिका निभाई थी। सुजॉय ने इसकी कहानी और पटकथा लिखने के साथ फिल्म का निर्माण किया था, वहीं शाहरुख खान भी इस फिल्म के निर्माता थे।

वैक्सीन वॉर की रिलीज डेट टली, अब दशहरे पर प्रदर्शित होगी



अपने पिछले निर्देशन, द कश्मीर फाइल्स की भारी सफलता के बाद, निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने अपनी अगली परियोजना, द वैक्सीन वॉर की घोषणा की। यह फिल्म पहले स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त, 2023 को 11 भाषाओं में रिलीज होने वाली थी। अब पता चला है कि फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है। द वैक्सीन वॉर अब इस दशहरे पर सिनेमाघरों में उतरेगी।

निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री ने पुष्टि की है कि नाना पाटेकर द वैक्सीन वॉर में मुख्य भूमिका निभाएंगे। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने खबर शेयर करते हुए बताया कि फिल्म की रिलीज डेट टाल दी गई है। उन्होंने ट्वीट किया, विवेक अग्निहोत्री ने वैक्सीन वॉर को दशहरा 2023 में शिफ्ट किया है। तरण ने कहा, द कश्मीर फाइल्स के ब्लॉकबस्टर होने के बाद विवेक रंजन अग्निहोत्री और उनकी निर्माता-पत्नी पल्लवी जोशी वर्तमान में द वैक्सीन वार को अंतिम रूप दे रहे हैं। कुछ दिनों की शूटिंग अभी बाकी है। इसके अलावा दोनों की योजना भारत में प्रदर्शित होने से

ब्लडी डैडी रिव्यू: एक्शन पर जोर और शाहिद का अभिनय बेजोड़, लेकिन कहानी कमजोर

पिछले काफी समय से शाहिद कपूर फिल्म ब्लडी डैडी को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है। फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से ही इसकी रिलीज को लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर था। अब आखिरकार ब्लडी डैडी 9 जून को जियो सिनेमा पर आ गई है। फिल्म में रोनित रॉय, राजीव खंडेलवाल, डायना पेंटी और संजय कपूर भी नजर आए हैं। फ्री में फिल्म देखने से पहले पढ़िए इसका रिव्यू।

फिल्म में शाहिद (सुमेर) एक अंडरकवर एजेंट है। उनका किरदार उनकी फिल्म कबीर सिंह की याद दिलाता है। फर्क सिर्फ इतना है कि कबीर अपनी गर्लफ्रेंड के लिए जुनूनी था, वहीं सुमेर की जान उसके बेटे में बसती है। वह उसके लिए किसी भी हद तक जा सकता है। एक बाप-बेटे का रिश्ता कितना खास होता है, फिल्म में यह दिखाने की कोशिश की गई है। हालांकि, उनके संबंधों पर ज्यादा जोर नहीं दिया गया है।

सुमेर अपने दोस्त (जीशान सिद्दीकी) संग ड्रग्स ले जा रही एक कार का पीछा करते हुए कोकेन से भरा बैग अपने कब्जे में लेता है, जो ड्रग्स का धंधा करने वाले सिकंदर (रोनित रॉय) का होता है। सुमेर की जिंदगी तब थम जाती है, जब उस बैग को वापस लाने के लिए सिकंदर उसके बेटे का अपहरण कर लेता है। अब सुमेर अपने बेटे को बचाने के लिए क्या-क्या पैंतरे अपनाता है, यह जानने के लिए आपको फिल्म देखनी होगी।

खेल

कैरी-स्टार्क ने टारगेट 444 तक पहुंचाया

भारत के टॉप-ऑर्डर ने तेज रन बनाए; नाबाद लौटे विराट-अजिंक्य के नाम हैं 10 सेंचुरी पार्टनरशिप

लंदन। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) का फाइनल मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है। मैच के आखिरी दिन भारत को जीत के लिए 280 रन चाहिए और टीम के 7 ही विकेट बाकी हैं। ऑस्ट्रेलिया और भारत दोनों को ही जीत हासिल करने के लिए आज ज्यादा से ज्यादा 90 ओवर मिलेंगे।

चौथे दिन ऑस्ट्रेलिया ने 123 पर 4 विकेट के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई और 270 पर डिक्लेयर कर दी। भारत को 444 रन का टारगेट मिला, जिसके जवाब में टीम इंडिया ने दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट पर 164 रन बना दिए हैं। विराट कोहली और अजिंक्य रहाणे क्रीज पर हैं, जिनके कंधों पर भारत को जीत दिलाने की जिम्मेदारी है।

आगे स्टोरी में हम चौथे दिन का खेल समझेंगे, जानेंगे कि टीम इंडिया इस वक्त किस पोजिशन में है और पांचवें दिन उसे टेस्ट मैच जीतने के लिए क्या स्ट्रैटजी अपनानी चाहिए।

जल्दी विकेट मिले तो लोअर-ऑर्डर ने परेशान किया

चौथे दिन का खेल शुरू होते ही पहले सेशन में टीम इंडिया ने सेट बैटर मार्नस लाबुशेन और कैमरन ग्रीन को चलता कर दिया, लेकिन इनके बाद उतरे एलेक्स कैरी और मिचेल स्टार्क ने 93 रन की पार्टनरशिप कर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 250 के पार पहुंचा दिया। टीम ने 8 विकेट पर 270 रन बनाए और पारी डिक्लेयर कर दी।

400 रन की साइकोलॉजिकल बढ़त बनाई

भारत पहली पारी में 173 रन पीछे था, अब ऑस्ट्रेलिया के 270 रन मिलाकर टीम इंडिया को 444 रन का टारगेट मिला है। टेस्ट इतिहास में अब तक 4 ही बार 400 से ज्यादा रन के टारगेट को सक्सेसफुली अचीव किया गया है। इनमें भारत और ऑस्ट्रेलिया का भी नाम है।

स्कोर	टीम	खिलाफ	कब
418/7	वेस्टइंडीज	ऑस्ट्रेलिया	2003
414/4	सा. अफ्रीका	ऑस्ट्रेलिया	2008
406/4	भारत	वेस्टइंडीज	1976
404/3	ऑस्ट्रेलिया	इंग्लैंड	1948

भारत ने 1976 में वेस्टइंडीज के खिलाफ चौथी पारी में 406 रन बनाए थे, वहीं ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 1948 में 404 रन बना रखे हैं। दोनों ही 20वीं सदी की बात है। 21वीं सदी में साउथ अफ्रीका ने 2008 में 414 और वेस्टइंडीज ने 2003 में 418 रन का रिकॉर्ड टारगेट हासिल किया था। संयोग से दोनों टारगेट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही चेज किए गए, लेकिन भारत को रिकॉर्ड चेज करने के लिए शुरुआती सेशन में अच्छा खेल दिखाना होगा।

मैनचेस्टर सिटी ने पहली बार जीती UEFA चैंपियंस लीग

फाइनल में इंटर मिलान को 1-0 से हराया, ट्रेबल जीतने वाली आठवीं टीम

मैनचेस्टर सिटी ने पहली बार UEF चैंपियंस लीग जीत लिया है। शनिवार को इस्तांबुल में खेले गए फाइनल मैच में मैनचेस्टर सिटी ने इंटर मिलान को 1-0 से हराया। मैनचेस्टर सिटी के लिए इकलौता गोल रोड्री ने 68वें मिनट में किया। वहीं मैच के पहले ही हाफ में टीम के प्रमुख मिडफील्ड केविन डी ब्रुइन चोटिल हो गए थे। इंटर छठी बार और सिटी दूसरी बार लीग के फाइनल में पहुंची थी। वहीं इससे पहले मैनचेस्टर सिटी को 2021 के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। चेल्सी ने 2021 के फाइनल में सिटी को 1-0 से हराया था।

रियल मैड्रिड लीग की सबसे सफल टीम है। उसने अब तक 14 बार खिताब अपने नाम किया है, जबकि 4 बार उपविजेता रही है। AC मिलान इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। उसने सात बार टाइटल जीता है। वहीं लिवरपूल और बायर्न म्यूनिख ने 6-6 बार खिताब अपने नाम किया है।

वर्ल्ड नंबर-1 इगा तीसरी बार फ्रेंच ओपन जीतीं

2007 के बाद किसी महिला खिलाड़ी ने खिताब बचाया; फाइनल में मुचोवा को हराया

पेरिस। वर्ल्ड नंबर-1 विमेंस टेनिस खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन का खिताब जीत लिया है। वह तीसरी बार फ्रेंच ओपन के खिताब अपने नाम किया है। फाइनल में उन्होंने चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा को 6-2, 5-7, 6-4 से हराया। पिछली बार की विजेता इगा स्वियातेक ने लगातार दूसरी बार फ्रेंच ओपन जीता है। यह 2007 के बाद पहला मौका है, जब किसी महिला खिलाड़ी ने टाइटल बचाया। तब बेल्जियम की जस्टिन हेनिन ने ऐसा किया था।

स्वियातेक ओपन एरा में तीसरी महिला खिलाड़ी बनीं, जिन्होंने अपने शुरुआती चारों ग्रैंड स्लैम फाइनल जीते। उनसे पहले मोनिका सेलेस और नाओमी ओसाका ऐसा कर चुकी हैं।

राफेल नडाल की राह पर इगा स्वियातेक

राफेल नडाल को लाल बजरी का किंग कहा जाता है। इगा भी नडाल की राह पर चल पड़ी है। नडाल फ्रेंच ओपन में 14 बार फाइनल में पहुंचे और खिताब अपने नाम किया। इगा भी फ्रेंच ओपन में तीन बार फाइनल में पहुंची और खिताब अपने नाम किया। इगा इस खिताब से पहले साल 2022 और साल 2020 में फाइनल में पहुंची और खिताब अपने नाम किया। वहीं चार साल के भीतर उनका रोलां गैरों पर तीसरा टाइटल है। 22 साल की इगा ने करियर में चौथा ग्रैंड स्लैम अपने नाम किया।

एक नजर

फीफा महिला विश्व कप में हिस्सा लेने वाले प्रत्येक खिलाड़ियों को मिलेंगे 30,000 अमेरिकी डॉलर

नई दिल्ली । फीफा ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में फीफा महिला विश्व कप 2023 के लिए अपने नए भुगतान वितरण मॉडल की घोषणा की, जिसमें टूर्नामेंट में भाग ले रहे प्रत्येक खिलाड़ी को कम से कम 30,000 अमेरिकी डॉलर वितरित किए जाएंगे।

वित्तीय आवंटन के अनुसार, प्रत्येक खिलाड़ी को समूह चरण के लिए 30,000 यू.एस. डॉलर प्राप्त होंगे, जबकि चैंपियंस टीम के पास प्रत्येक खिलाड़ी के लिए 270,000 यू.एस. डॉलर होंगे, पुरस्कार राशि के साथ प्रत्येक खिलाड़ी को राउंड ऑफ़ 16 और रनर-अप के बीच 60,000 से 195,000 यू एस डॉलर दिये जाएंगे। फीफा ने कहा कि यह पहल महिलाओं के फुटबॉल को विकसित करने और खिलाड़ियों को एक उचित सौदा सुनिश्चित करने की ओर एक और ठोस कदम है। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा, इस अभूतपूर्व नए वितरण मॉडल के तहत, फीफा महिला विश्व कप 2023 में हिस्सा ले रही प्रत्येक महिला खिलाड़ी व्यक्तिगत रूप से पारिश्रमिक पर भरोसा कर सकती हैं। भाग लेने वाले प्रत्येक सदस्य संघ को कम से कम 1.56 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे, और विजेताओं को 4.29 मिलियन अमेरिकी डॉलर वितरित किए जाएंगे। फीफा के अनुसार, फीफा महिला विश्व कप 2023 में इसका कुल निवेश 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक होने का अनुमान है।

नोवाक जोकोविच 23वें ग्रैंड स्लैम से एक कदम दूर, फ्रेंच ओपन के फाइनल में की एंट्री

नईदिल्ली । लोगों पर जिस तरह फुटबॉल और क्रिकेट का खुमार चढ़ता है, वैसा ही इस समय लोगों पर टेनिस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट फ्रेंच ओपन खुमार चढ़ा हुआ है। इसका कारण यह है की 2023 के इस सीजन में एक बार फिर सर्बियाई प्लेयर नोवाक जोकोविच ने धमाकेदार अंदाज में जीत दर्ज की है। मीडिया रिपोर्टर्स की माने तो जोकोविच ने मेन्स सिंगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले में शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में एंट्री कर ली है। जोकोविच का यह किसी भी ग्रैंड स्लैम का 34वां फाइनल होगा। खबरों के अनुसार जोकोविच ने सेमीफाइनल में स्पेन के वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्कारेज को 6-3, 5-7, 6-1, 6-1 से हराया है।

बना सकते है वर्ल्ड रिकॉर्ड - स्पेनिश स्टार राफेल नडाल और जोकोविच अब तक सबसे ज्यादा 22-22 ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुके है। इस बार यदि जोकोविच यह फ्रेंच ओपन खिताब जीतते हैं, तो वह सबसे ज्यादा 23 ग्रैंड स्लैम जीतकर इतिहास रच देंगे।

हिण्डाल्को बीकेबी खईनपाठ में नहीं लेबरों की सेफ्टी अपनी जान जोखिम में डाल कर वर्षों से काम करने को मजबूर

बिना बी.फ़ार्म लेबरों से काम करा रही बीकेबी, बी.फ़ार्म में नही दे रही लेबरों को जगह, जिसका फायदा उठा रही, हिण्डाल्को बीकेबी जैसी बड़ी कंपनियां

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

सामरी पाठ बाक्साईट के नाम जाना जाने वाला क्षेत्र है। कई वर्षों से हिण्डाल्को कंपनी सामरी क्षेत्र में बाक्साईट खनन के लिए जाना जाता है। बड़ी मात्रा में लेबरों से काम कराया जाता है। सामरी क्षेत्र के अंतर्गत कई खदानें संचालित है, जहां बीकेबी कंपनी, जीएनसी कॉन्ट्रेक्शन के द्वारा अपनी लीज एरिया में ब्लास्टिंग, माइनिंग कर खदान के अंदर काम अपने बी.फ ार्म के लेबरों से काम कराती है।

देखने वाली बात यह है, विगत कुछ दिन पहले सामरी छेत्र के अंतर्गत बास टोली माइंस में रविवार के दिन जो कि छुट्टी का दिन है, उस दिन बाहरी लेबरों से ट्रक में लोडिंग का काम कराया जा रहा था। जब ग्राउंड जीरो पर हमारे संवाददाता ने जा कर लेबरों से बात.चीत की तो पता चला कि उनका बीण्फार्म में नाम नहीं है। और लेबरों को कोई सेफ्टी हेतु व्यवस्था कंपनी की ओर से नहीं है। गौरतलब यह है मजदूर लेबर अपनी खुद की पैसों से सेफ्टी के लिए जूता, टोपी, दास्तान, खरीद कर काम करने को मजबूर है। इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित गया तथा। लेकिन देखने वाली बात ये है, की कंपनी को किसी से कुछ लेना देना नहीं है, अपनी तानासाही मनमानी रवैया से बाज नहीं आ रही है। कल जब फि र से हमारे संवाददाता ने सामरी छेत्र के अंतर्गत में एक और हिण्डाल्को बीकेबी की माइन्स खदान खईनपाठ में ग्राउंड जीरो में जा कर देखा गया तो पाया गया कि बहुत से लेबरों की पैर में जूता तक नहीं अपनी जान को जोखिम में डाल कर पत्थर को फोड़ने का काम बड़ी मात्रा में किया जा रहा था। जब उन सब लेबरों से चर्चा की गयी की तो आप इस खदान में कब से काम कर रहे है। तो उन्होंने कहा 8.10 साल से काम कर रहे है। लेकिन हमारा नाम बी.फार्म में नही लिया गया है। लेबर स्वरूप काम करने को हम मजबूर है ना तो हमे जूता दिया जाता जा न कोई सेफ्टी हमलोग को कंपनी दे पाती है। ट्रक मालिको को मोहरा बना कर के ट्रक के पीछे 8.10 लेबरों में लगाया जाता है। और जब हम लेबरों से जब मशीन से लोडिंग की जाती है तो लोडर लेबरों का आधा पैसा लेबरों का काट दिया जाता है। माइंस मैनेजरों के द्वारा। देखने वाली बात यह है कि बीफ ार्म वाले को हो खदान में काम करने की अनुमति है, बाहरी लेबरों को नही तो बीकेबी कंपनी 8.10 साल से काम करा रही है तो लेबरों को आखरी क्यों बी.फ ार्म में जगह नहीं दे रही है ना सेफ्टी है ना कुछ व्यवस्था अपनी निजी फ ायदा उठाने का काम बीकेबी कंपनी कर रही है। अगर देखा जाए कि किसी कारण दुर्घटना बिना बीफ ार्म वाले लेबरों की मृत्यु काम करने के अंतर्गत हो जाए तो उसका जिमेदार कौन होगा। हिण्डाल्को कंपनी, या बीकेबी कंपनी जिम्मेदार कंपनी नही होगी क्यों को ये लेबर बीफार्म वाले नही है इसलिए इसकी जिम्मेदारी कंपनी की नही होगी न तो उन्हें कंपनी मुवावजा देगी न ही उसके परिवार को कुछ जीवन यापन करने हेतु नौकरी देंगी।

न्यूज गैलरी

ट्रक की ठोकर से घायल मजदूर की मौत

कुसमी।हिण्डाल्को कपनी के टाटीझरिया माइस मे शाम अमटाही के नवाटोली निवासी 27 वर्षीय विजय नगेशिया लोडिंग के लिए ट्रक लगवा रहा था। इसी दौरान दूसरा ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएल 0533 के ड्राइवर जिलानी द्वारा ट्रक को पीछे करते हुए विजय को ठोकर मार दी। विजय को काफी चोटें लगी।घायल मजदूर को कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराए जहा इलाज के दौरान बुधवार सुबह मजदूर की मौत हो गईहै। मामले मे मर्ग कायम कर पुलिस जाच कर रही है। मामले मे अभी तक किसी प्रकार की गिरफ्तारी या ट्रक की जब्ती नही की गई है। वही मृतक के परिजनों को कपनी की ओर प्रस्तावित सहायता राशि दी जाएगी।-नईदुनिया न्यूज

वर्ष 2021 पूर्व में टाटी झरिया पीपरा पाठ में माइंस खदानो में मजदूर विजय नगेसिया की मृत्यु हो चूंकि है

हिण्डाल्को कंपनी के बीकेबी टाटी झरिया पिपरा पाठ में ग्राम अमटाही के नवाटोली निवासी 27 वर्षीय विजय नगेसिया लोडिंग के लिए ट्रक लगवा रहा था। उसी दौरान दूसरा ट्रक क्र. सीजी 15 डी एल 0533 के ड्राइवर जिलानी द्वारा ट्रक को पीछे करते हुए विजय नगेसिया को ठोकर मार दिया थी। विजय को काफी चोट आयी थी। विजय मजदूर को कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान सुबह विजय मजदूर की मौत हो गई थी। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस जांच में जुटी थी। मामले में अभी तक गिरफ्तारी या ट्रक की न जप्ती हुई न मृतक विजय के परिजनों को हिण्डाल्को बीकेबी कंपनी की ओर से प्रस्तावित सहायता राशि दी गयी न ही मुआवजा दी गयी। हिण्डाल्को बीकेबी की ये तानाशाही रवैया सालों से चलती आ रही है, ये गरीबो की हक खाने में बाज नही आ रहे है। 8.8 घण्टा काम करवाती है लेबरों से काम और कहा जाता है, अपने मर्जी से आये है और काम कर के चले जाते है हम नही बुलाते है लेबरों को ऐसा कहा जाता है, मैनेजर मुंशी के द्वारा।जब कंपनी इतने वर्षों से लेबरों से काम ले रही है, तो उसका हक क्यों नहीं देती कंपनी बीफार्म में क्यों नही ले रही है बाहरी लेबरों को रखा जाता है काम पर। कंपनी अपने फ ायदे के लिए बाहरी प्राइवेट लेबरों से लोडिंग 1 टन करवाती है तो उसे 50 रुपया दिया जाता है। और वही बी,फ ार्म वालों लेबरों से लोडिंग पर उसे 1 टन का 250 दिया जाता है। ये लेबरों से अन्याय कर रही हिण्डाल्को बीकेबी कंपनी।

माइनिंग मेट सनक

तिवारी से जब वही बात की गयी

आप बिना अनुमति क्यों हामरे खदान में आये है। जब कि पत्रकारों के द्वारा रजिस्टर में बकायदे पत्रकारों का नाम पता गाड़ी नबर, लाइसेंस न लिखवाकर प्रवेश दिया गया था। उसके बावजूद भी पत्रकारों को कहा जाता है आप बाहर जाइये। लेकिन दूसरी ओर देखें तो खदान के अंदर बाहरी लोगों को आना प्रतिबंध है, तो फि र बीकेबी कंपनी बाहरी लेबरों को 8.10 साल से क्यों अपने खदान के अंदर रख के इनके जान का दुश्मनी बनी है। दूसरी ओर देखा जाय तो सनक तिवारी से उनके खदान पे भोले भाले लेबरों व मुंशी के साथ साथ पत्रकार बंधुओं से भी अभद्रता व्यवहार हमेशा से किया जाता है।

अब देखना होगा कि खबर प्रकाशित होने के बाद बाहरी लेबर जो बाहर से आकर काम करते है, उन्हें जुता, टोपी, दास्तान के साथ उससे बी-फार्म में लिया जाता है कि नही।

संभु सिंह बीकेबी मैनेजर

माइंस खदान के विषय में फ ोन लगाकर प्रतिक्रिया चाही गयी तो उनके द्वारा कहा गया कि आप आकर बात करे कहकर फ ोन काट दिया गया।

एक नजर

110 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर चाम्पा अवैध शराब पर शिवरीनारायण पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। शनिवार को पुलिस ने राहौद के एक आरोपित को 110 लीटर महुआ कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी विवेक पाण्डेय ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि राहौद में बड़े बाबू सिंह बड़ी मात्रा में महुआ कच्ची शराब बिक्री करने के लिए रखा है। जिस पर पुलिस की टीम ने छापा मार कार्रवाई करते हुए दबिश दी। मौके से बड़े बाबू सिंह पिता अंजोर सिंह के 110 लीटर महुआ कच्ची शराब जब्त किया। पुलिस ने आरोपित को आबकारी एकट की धारा 34-2 के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

युवक से मारपीट

रायपुर । शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर तीन युवकों ने आइसक्रीम ठेला संचालक से मारपीट कर ठेला में तोड़फोड़ कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजन साहू 32 वर्ष गाजी नगर बीरगांव का रहने वाला है। प्रार्थी आइसक्रीम ठेला चलाता है। बताया जाता है कि कल शाम आरोपी सूरज, गोविंद व वीरू प्रार्थी के पास आया और शराब पीने के लिए पैसा मांगा। प्रार्थी द्वारा पैसा नहीं देने पर आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया और उसके आइसक्रीम ठेला में तोड़फोड़ किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 327, 427, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मूलनिवासी बहुजन नायक बिरसा मुंडा एवं संतोष सावारकर को श्रद्धांजलि अर्पित की संस्था कार्यालय में

कोंडागांव । बाबा साहेब सेवा संस्था कार्यालय में क्रांतिकारी मूलनिवासी जननायक बिरसा मुंडा एवं बाबा साहेब सेवा संस्था के पूर्व अध्यक्ष दिवगंत संतोष सावरकर की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिसमें संस्था के संरक्षक पंचू सागर, पी पी गोंडाने, तरुण सवारकर, अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, रमेश पोयम, ओम प्रकाश नाग, देवानंद चौरे, सिद्धार्थ महाजन, लखेश बेर, परमानंद बघेल, वा संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सरिया से भरी ट्रक पलटी एक की मौत

फरसगांव । फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 30 जुगानी पुल के समीप रायपुर से जगदलपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार सरिया से भरी ट्रक अनियंत्रित होकर सडक के किनारे लगे रेलिंग से टकराती हुई पलटी गई, ट्रक मे भरा सरिया लोड बाहर गिर गया । इस सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक और परिचालक गभीर रुप घायल हो गए । वाहन चालक ट्रक में फंस गया था तत्काल फरसगांव पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से चालक को बाहर निकाला गया और 108 की मदद उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया ईलाज के दौरान परिचालक पनकु साहू निवासी लखनपुरी की मौत हो गई ।

राजधानी में धराशायी हुआ सैकड़ों साल पुराना पीपल का पेड़

दो वाहन चालक आए चपेट में, गाड़ियां भी दबी

रायपुर। रायपुर। राजधानी में सैकड़ों साल पुराने पीपल के पेड़ के अचानक गिरने से दो लोग दबकर घायल हो गए. लाखे नगर से महादेव घाट को जोड़ने वाले व्यस्ततम मार्ग पर पेड़ के गिरने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, दोपहर 12.15 बजे लाखे नगर चौक स्थित पुराने पीपप के पेड़ का बड़ा हिस्सा भराभराकर गिर गया. इससे मौके से जा रहे दो वाहन चालकों को चोट आई, जिनके नाम मनोज साहू और वंश सोनकर बताए गए हैं. इसके अलावा दो एक्टिवा वाहन भी पेड़ के नीचे दब गए हैं। जानकारी मिलने पर निगम अमले ने पेड़ को हटाने का काम शुरू किया है. वहीं मुख्य मार्ग पर पेड़ के गिरने से सड़क ब्लॉक होने से लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पुलिस सड़क दुर्घटना से बचने, सुरक्षित सफर के लिए वाहन चालकों को दे रहा समझाईश

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

सड़क सुरक्षा का मुख्य उद्देश्य यातायात के नियमों के प्रति जनसामान्य में जागरूकता पैदा करना है। ताकि सड़क हादसों की संख्या में कमी आ सके और वाहन चालक व पैदल चलने वाले राहगीर दोनों ही सुरक्षित रहें इसी उद्देश्य को लेकर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने यातायात प्रभारी सहित जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को अभियान चलाकर छोटे-बड़े वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करनेए वाहन चलाने के दौरान बरते जाने वाले सावधानियों के बारे में अवगत कराने के निर्देश दिए है। निर्देश के परिपालन में यातायात पुलिस के द्वारा सूरजपुर के हाईवे सहित विभिन्न स्थानों पर छोटे बड़े वाहन चालकों को रोककर देखा कि कौन तेज गति से गाड़ी चला रहा है। कौन नियमों का पालन नहीं कर रहा है। फि र बकायदा सबको नियमों का पालन करने समझाइश दिया। यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय ने वाहन चालकों को समझाईश दिया कि शराब पीकर गाड़ी न चला, सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चला, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें, दो पहिया वाहन में तीन सवारी न चले, बाईक चलाते समय सदैव हेलमेट का प्रयोग करें, बिना लायसेंस के वाहन न चला, छोटे बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दे और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें ताकि सड़क दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि आगामी 4 दिनों तक टैऊफि क पुलिस के द्वारा चालकों को समझाईश दी जायेगी इसके उपरान्त यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही का अभियान चलाया जायेगा।

उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्धेश्य लोगों का चालान काटना नहीं बल्कि लोगों की सुरक्षा और उन्हें यातायात नियमों के प्रति सचेत करना है। उन्होंने लोगों से अपील किया है कि खुद की और दूसरों की सुरक्षा व सुरक्षित सफ र के लिए यातायात नियमों का पालन करें।

अंडर 23 क्रिकेट का ट्रायल 13 जून को, रायगढ़ स्टेडियम में होगा संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

बीसीसीआई के निर्देश और सीएससीएस के आदेश पर जिला क्रिकेट संघ द्वारा अंडर 23 क्रिकेट का ट्रायल रायगढ़ स्टेडियम में 13 जून को प्रातरू 6.30 बजे होने जा रहा है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि इसके लिए संघ द्वारा वरिष्ठ खिलाड़ी पंकज बोहिदार एवं अभिषेक गुप्ता को चयनकर्ता नियुक्त किया गया है।

सभी खिलाडियों को प्रातः 6 बजे स्टेडियम पहुंचने की हिदायत दी गई है। जिला क्रिकेट संघ के

अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में खिलाडियों को शामिल होने की अपील की है।

यह है नियमावली

ट्रायल के लिए कट ऑफडेट 1 सितंबर 2000 से 31 अगस्त 2004 के बीच रखी गई है। अर्थात 1 सितंबर 2000 के पूर्व जन्म लेने वाले और 31 अगस्त 2004 के बाद जन्म लेने वाले खिलाड़ी इसमें शामिल नहीं हो सकेंगे। ट्रायल में खिलाड़ियों को सफेद कीट में आना होगा। ट्रायल लाल ड्यूज बॉल से कराया जाएगा। ट्रायल के पूर्व ही सभी खिलाड़ी का पंजीयन होना अनिवार्य है। सभी नए खिलाड़ी जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय में 12 जून तक पंजीयन अनिवार्य रूप से करवा ले। पंजीयन का समय दोपहर 11 बजे से 1.30 बजे तक व शाम को 5 बजे से 8 बजे तक रहेगा। पंजीयन के समय पासपोर्ट साईज की फोटो एवं जन्म, शिक्षा आदि प्रमाण पत्र ओरिजनल लेकर आएं। डिजीटल जन्म प्रमाण पत्र बीसीसीआई द्वारा अनिवार्य कर दिया गया है। अतः सभी के पास डिजीटल जन्म प्रमाण पत्र होना चाहिए। किसी प्रकार की इनक्वायरी के लिए जिला क्रिकेट संघ स्टॉफ रोहित से संपर्क करें।

2 मोटर सायकल,1 कार एवं धान चोरी की वारदात को दिया था अंजाम,आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को अपराध पर अंकुश लगाने, चोरी के मामले में आरोपियों की पतासाजी कर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजने के सख्त निर्देश दिए थे। इसी परिप्रेक्ष्य में थाना रामानुजनगर पुलिस ने 4 अलग-अलग स्थानों से 2 मोटर सायकल, 1 कार व एक घर से धान चोरी करने वाले शातीर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। 10 जून 23 को ग्राम पटना निवासी होसराम सिंह ने थाना रामानुजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 9 जून को घर को बंद कर घास काटने गया था वापस आया तो घर का दरवाजा खुला और सामान बिखरा पड़ा था। करीब 25 किलो धान का बोरी गायब था पासपास के लोगों से पता चला कि बंधन सिंह चोरी कर ले गया है की रिपोर्ट पर धारा 454, 380 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की विवेचना के दौरान थाना रामानुजनगर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी बंधन सिंह को पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि करीब 2 माह पूर्व सूरजपुर जेल से छूटा है छूटने के बाद ग्राम पोड़ी से फैशन प्रो मोटर सायकल को चोरी किया और पेट्रोल खत्म होने पर ग्राम सेन्दरी में एक गैरेज में खड़ा कर दिया, इसके करीब 10 दिन बाद रात में ग्राम कौशलपुर में होण्डई कार का चाभी रास्ते में गिरा मिला और कार को चोरी कर ग्राम तिलसिवां सूरजपुर के पास पेट्रोल खत्म होने पर छोड़ दिया। इसके बाद रात्रि के वक्त गायत्री खदान में घुसकर मोटर सायकल स्टैण्ड से सीडी 100 एसएस मोटर सायकल को चोरी कर राजापुर जंगल में मोटर सायकल बंद होने पर वहीं छोड़ दिया। 9 जून को पटना से 25 किलो धान को चोरी कर बेचने के लिए खदान के पास छिपा दिया था जिसे आरोपी के निशानदेही पर बरामद किया गया है। पूर्व में थाना रामानुजनगर पुलिस टीम के द्वारा ग्राम पोड़ी से चोरी हुए फैशन प्रो मोटर सायकल क्रमांक सीजी 15 सीजे 9436 को ग्राम सेन्दरी से बरामद किया तो वहीं ग्राम कौशलपुर से चोरी हुए होण्डई कार क्रमांक सीजी 16 सीजे 6607 को ग्राम तिलसिवां से लावारिश हालत में बरामद किया तथा थाना सूरजपुर पुलिस के द्वारा गायत्री खदान से चोरी हुए सीडी 100 एसएस मोटर सायकल क्रमांक सीजी 15 डी 0473 को राजापुर जंगल से बरामद करने में सफलता हासिल किया है जिसकी कीमत करीब 4 लाख रूपये है। उपरोक्त चारों मामलों में आरोपी बंधन सिंह पिता चन्दभान सिंह उम्र 29 वर्ष ग्राम लांची, थाना सूरजपुर को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर प्रकाश राठौर, एसआई सरफ राज फि रदौसी, एएसआई बिसुनदेव पैंकरा, प्रधान आरक्षक संजय सिंह राजपूत, राहुल गुप्ता, आरक्षक दीपक यादव, धनंजय साहू, गजेन्द्र पाल व विकास सिंह सक्रिय रहे।

घटिया निर्माण कार्य के खबर प्रकाशित से बौखलाए कार्यपालन अभियंता ने पत्रकार को भेजा नोटिस

खबर प्रकाशित करने वाले पत्रकार को नोटिस जारी कर खबर प्रकाशित न करने बनाया दबाव, साक्ष्य प्रस्तुत करने भेजा नोटिस

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

बलरामपुर जिले के जल संसाधन विभाग में पदस्थ कार्यपालन अभियंता ने, आपने विभाग द्वारा ठेकेदारी प्रथा से कराए जा रहे घटिया निर्माण कार्य की खबर प्रकाशित किए जाने से घबराए कार्यपालन अभियंता ने कार्य की गुणवत्ता की जांच ना कर, खबर प्रकाशित करने वाले पत्रकार को ही पत्र जारी कर, ठोस साक्ष्य प्रस्तुत करने का मांग करते हुए,साक्ष्य प्रस्तुत नही कर पाने के स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही की बात कही है।

एक तरह से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को खबर प्रकाशन पर रोक लगाने का प्रयास करते हुए,जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर दबाव बनाया गाय है। साथ ही निर्माण काम करने वाले ठेकेदार को घटिया निर्माण करने खुली छूट देते हुए मनोबल बढ़ाया गया है।



कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग बलरामपुर,जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज(छ.ग.)

पत्र क्रमांक/225/ /कार्य/एडीए/ का 2023 बलरामपुर दिनांक 09/06 /2023

प्रति,

1. श्री बादल खान
अध्यक्ष,ग्राम पंचायत जमीरापाठ
कुसमी
2. श्री दीपक गुप्ता
कुसमी, जिला बलरामपुर

विषय :- घटिया निर्माण व गुणवत्ता कार्यों के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपके द्वारा संचालन एवं जीवन जमीरापाठ के अंतर्गत प्रकाशित विसरकाण्ड कुसमी से ग्राम पंचायत जमीरापाठ अंतिम छोर-मटकोरवर में पूर्व निर्मित कटाईपत्रा जलाशय जीर्णोद्धार के पास की मरम्मत कार्य में आपके द्वारा घटिया निर्माण कार्य एवं भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है।

आपद्य आप अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दो दिवस में लगाये गये आरोपों के संबंध में सबूत एवं ठोस प्रमाण प्रस्तुत करें, ताकि निर्माण कार्य में लगाये गये आरोपों की सुनवाई से निष्पक्ष जांच की जा सके।

आरोपों के संबंध में ठोस साक्ष्य प्रस्तुत ना कर पाने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जानेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग बलरामपुर
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

पृ.क्रमांक/ /कार्य/एडीए/ का 2023 बलरामपुर दिनांक / /2023

प्रतिलिपि :-
1. अनुविभागीय अधिकारी, जल संसाधन उप संभाग कुसमी,
2. श्री रविन्द्रजी उपमुख्यमंत्री कार्यपालन अभियंता,
की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग बलरामपुर
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

हिसाब से सीमेंट का प्रयोग किया गया ना ही वाइब्रेटर मशीन का उपयोग इस काम मे किया गया है। कार्य की गुणवत्ता निहायत ही घटिया स्तर का किया जा रहा था। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने मीडिया के सामने आकर की थी। जिस खबर को पिछले दिनों प्रमुखता से प्रकाशित कि गई थी, खबर प्रकाशन से बौखला, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग बलरामपुर के द्वारा निर्माण कार्य के गुणवत्ता की जांच ना करते हुए, ठेकेदार के सपोर्ट में ठेकेदार को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने के उद्देश से समाचार प्रकाशित करने वाले पत्रकार को ही नोटिस जारी कर साक्ष्य प्रस्तुत करने दबाव बनाई जा रही है। साक्ष्य प्रस्तुत ना कर पाने के स्थिति में, एक पक्षी कार्रवाई करने की भी पत्र के माध्यम से

घटिया निर्माण के खबर प्रकाशन के बाद नहीं की गई कार्य के गुणवत्ता की जांच

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता के द्वारा धमकी दी गई है। इससे स्पष्ट होता है किए भ्रष्टाचार में लिप्त कार्यपालन अभियंता कार्य की गुणवत्ता का जांच ना कर ठेकेदार से मिली भगत कर पत्रकार को धमकी भरा विभागीय पत्र जारी कर दबाव बनाने का प्रयास किया गया है। जो लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के कार्य क्षेत्र में उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है। अब देखने वाली बात यह है कि क्या खबर प्रकाशन के बाद जिला में बैठे कलेक्टर, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता के विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्य का जांच करा कोई कार्यवाही होती भी है कि नहीं।

जिले में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना का स्थिति दयनीय

बैठक व्यवस्था में होगी परेशानी जिससे पढ़ाई होगी प्रभावित* जिले में मात्र 5 प्रतिशत स्कूल ही पूर्ण हो पाई

जोहार-छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

जिला बलौदाबाजार भाटापारा में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना की स्थिति कुछ खास नहीं है। टी एल बैठक में समीक्षा होते हुए भी यह स्थिति नहीं होना एक सकारात्मक परिणाम का लक्षण प्रतीत नहीं होता नजर आ रहा है

पुरे छत्तीसगढ़ में 16जून को प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुला जाना है इस बात को मद्दे नजर न रखते हुए न तो आर ई एस के अधिकारी ध्यान दे रहे है और न ही मानिटरिंग संस्था शिक्षा विभाग कुछ कर रहा है मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत जिले में 920 स्कूलों को स्वीकृति प्राप्त हुआ है जिसके अंतर्गत 5 ब्लाको को को क्रमशः बलौदाबाजार विकासखंड को 121 स्कूल,भाटापारा को 135 स्कूल सिमगा को 197स्कूल, पलारी को 147स्कूल और कसडोल को 322 स्कूलों का कार्य किया जाना है वही कार्यों की स्थिति की बात करें तो बलौदाबाजार विकासखंड के 121 स्कूलो में पूर्ण कार्य की संख्या शून्य है प्रगतिरत स्कूलो की संख्या 50 और कार्य अप्रारम्भ स्कूलो की संख्या 71 है राज्य सरकार द्वारा बलौदाबाजार विकासखंड को राशि के रुप में 83.96 लाख रु दिये जा चुके है। भाटापारा के स्कूलो के कार्य की स्थिति 135 स्कूलो में 9 कार्य पूर्ण किये जा चुके है 70 स्कूलो में कार्य प्रगतिरत है और 56 स्कूलो में कार्य प्रारम्भ ही नहीं हुआ है भाटापारा विकासखंड को 125.04 लाख रूपए दिये जा चुके है। सिमगा के 197 स्कूलो की बात करें तो मात्र 12 स्कूलो की कार्य पूर्ण हो पायी है 24 स्कूल प्रगतिरत है और

161स्कूलो में कार्य प्रारम्भ ही नहीं हुआ है सिमगा विकासखंड को 40.30 लाख रूपए की राशि जारी की जा चुकी है इसी तरह पलारी के 147 स्कूलो की बात करें तो 21 स्कूलों की कार्य की स्थिति पूर्ण बताई जा रहीं है 49 स्कूल प्रगतिरत और 75 स्कूलों में कार्य अप्रारम्भ है वही पलारी विकासखंड को राशि 93.35लाख रूपए दी जा चुकी है इसी प्रकार कसडोल विकासखंड के 322 स्कूलो की बात करें तो मात्र 6 स्कूल ही पूर्ण हो पायी है 102 स्कूल प्रगतिरत है और 214 स्कूलो में कार्य ही प्रारम्भ ही नहीं हो पायी है कसडोल विकासखंड को राशि के रुप में लगभग 199.71 लाख रूपए राज्य शासन की ओर से जारी की जा चुकी है ओवर आल अगर जिले में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना की स्थिति की बात जाय जिसमे शाला भवनो में मरम्मत एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण में 920 स्कूलों की स्वीकृति में 48 स्कूलो की कार्य पूर्ण किये जा चुके है जो कि स्वीकृत कार्य के लगभग 5 प्रतिशत के बराबर ही पूर्ण हो पायी है वही प्रगतिरत स्कूल के 920 स्वीकृत स्कूलो में 295 स्कूल ही प्रगतिरत है जो कि स्वीकृत स्कूलों की संख्या का लगभग 32 प्रतिशत है वही कार्य अप्रारम्भ स्कूलों की बात करें तो 920 स्कूलो में 577 स्कूल में कार्य प्रारभ ही नहीं हुआ है जो कि कूल स्वीकृत स्कूलों की लगभग 59 प्रतिशत के बराबर है कार्यों के निष्कर्ष की बात करें तो आरईएस विभाग द्वारा मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना में कोई खास रूचि लेके कार्य नहीं कराया जा रहे और जिला प्रशासन द्वारा भी किसी प्रकार से योजना के क्रियान्वयन के लिये दबाव आरईएस और शिक्षा विभाग पर कोई दबाव नहीं और किसी भी प्रकार से डाट न ही फ टकार लगाया जा रहा है क्योंकि जिला प्रशासन को लग रहा है कि भी प्रकार से कार्य में कोई उदासीनता कार्य एजेंसी द्वारा किया जा रहे है लगभग सप्ताह भर में स्कूलों खुल जायेंगे लेकिन साथ ही साथ बरसात भी चालू हो जायेंगे और बच्चों के लिये बैठक व्यवस्था की समस्या निर्मित रहेगी क्योंकि कई स्कूलो में पुराने स्कूलो को तोड़ दिये गाये है और कईओ स्कूलों में कार्य प्रगतिरत है। अब देखने वाली बात होगी कि किस प्रकार से जिले में स्कूलों के प्रारम्भ होने के बाद बच्चों की बैठक व्यवस्था की समस्या को शिक्षा विभाग द्वारा निपटारा किया जायेगा और इस निपटारा में जिला प्रशासन शिक्षा का सहयोग प्रदान करेंगी।

इस योजना का नाम मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना रखा गया है। इसका अलग से लोगों की बनाया गया है।

योजना अंतर्गत 30 मई 2023 तक निर्माण कार्य को पूर्ण किया जाना था।

जनसेवा ही भाजपा का धर्म-उमेश अग्रवाल

राम बाग में जन्मदिन के दिन आयोजन पर बोले जिला भाजपाध्यक्ष

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

राम बाग में उमेश अग्रवाल के जन्मदिन पर गरिमामय आयोजन के दौरान उमेश अग्रवाल ने कहा भाजपा के कार्यकर्ता के लिए जन सेवा ही उसका मूल मंत्र है। प्रातः 10 बजे से जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने विधान सभा क्षेत्र लोईग महापल्ली कोड़ा तराई पुसौर सरिया से आए कार्यकर्ताओ से सौजन्य मुलाकात कर जन्मदिन पर बधाई स्वीकार की। संगठन महामंत्री पवन साय सांसद गोमती साय प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने दूरभाष पर जिला अध्यक्ष उमेश को बधाई देते हुए उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन के अधिकारी कांग्रेस नेताओं सहित राजनैतिक सामाजिक धार्मिक व्यापारिक मीडिया से जुड़े साथियों ने उमेश अग्रवाल को जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी। प्रदेश संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने भी जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल को बधाई दी वही जिले भर से संगठन से जुड़े पदाधिकारियों मंडल अध्यक्षों सहित पार्षदों ने राम बाग पहुंच कर अपने लाड़ले नेता का भावभीना स्वागत किया। पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने भी उमेश अग्रवाल को बधाई देते हुए उनके स्वस्थ जीवन के लाभ की कामना की। रायगढ़ जिले के भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी ने भी उमेश अग्रवाल को जन्मदिन पर बधाई दी। वही भाजपा पार्षदों ने भी राम बाग पहुंच कर जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल का पुष्प माला भेट कर आत्मीय स्वागत किया।

एएसपी बेमेतरा ने ली थाना चौकी प्रभारियों का समीक्षा मीटिंग

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के द्वारा राजपत्रित अधिकारियो एवं सायबर सेल, थाना/चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा मीटिंग लिया गया। जिसमें थाना/चौकी में लंबित अपराध, मर्ग, शिकायत, गुमइंसान, वारंट, लबित माल, स्थायी वारंट की थानावार जानकारी ली जाकर समीक्षा किया गया। लंबित मामलो का राजपत्रित अधिकारियो के सुपरविजन में शीघ्र निराकरण करने निर्देशित किया गया। तथा थाना/चौकी प्रभारियो को समाधान शिकायत हेल्प लाईन नंबर 9479257558 में आने वाली शिकायतो पर त्वरित कार्यवाही करने, महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराध को एक अभियान चलाकर यथाशीघ्र निराकरण करने, अवैध शराब बिक्री, अवैध मादक पदार्थ गांजा, जुआ, सट्टा एवं अन्य नशीली दवाओं पर लगाम लगाने हेतु लघु अधिनियम के तहत अधिकाधिक कार्यवाही करने, रिकार्ड को मेन्टेन एवं सुव्यवस्थित रखने हेतु निर्देशित किया गया। तथा थानो के विवेचको को सीसीटीएनएस कार्य स्यमं करने हेतु एवं सीसीटीएनएस के अंतर्गत समस्त फिल्ड की एन्ट्री करने हिदायत दिया गया।

तथा समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को सोशल मीडिया पर सतत् निगाह रखने, सोशल मीडिया पर यदि कोई झूठी अफ वाह फैलाने वाली पोस्ट/ऑडियों विडियो प्रसारित होने पर उसका खण्डन कर झूठी अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने, ऑनलाईन फ यनेंसियल फाड, साइबर क्राईम, सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे अपराधों के संबंध में आम जनता को जागरूक करनेए ऑनलाईन फायनेंसियल फाड की रिपोर्ट पर तत्काल कार्यवाही करने, थाना में रिपोर्ट करने आये महिला आगंतुक रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने एवं सभी थाना व चौकी प्रभारियों को कानून व्यवस्था बनाये रखने निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी कौशिल्या साहू एवं समस्त थाना/चौकी प्रभारी, एएसपी रीडर, साइबर प्रभारी सहित पुलिस के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

नशे में धुत युवक और युवतियों ने बीच सड़क कार रोककर लगाए ठुमके

रायपुर। राजधानी रायपुर में शनिवार देर रात युवक और युवतियों ने नशे में धुत होकर बीच सड़क अपनी कारों को रोक ठुमके लगाए। जाम में फंसे राहगीरों ने इसका वीडियो बनाया और इंटरनेट मीडिया पर अपलोड कर दिया।

राहगीरों ने बनाया युवक-युवतियों के इस हरकत का वीडियो

मामला खम्हारडीह थाना इलाके के शंकर नगर स्थित दूरदर्शन कार्यालय के ठीक सामने का है, जहां रात तकरीबन 2ः30 बजे नशे में धुत एक दर्जन से अधिक युवकङ्कयुवतियों ने कार को बीच सड़क रोक जमकर ठुमके लगाए। इस दौरान वहां से गुजर रहे राहगीरों ने इनके इस हरकत का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया में अपलोड कर दिया, जोकि तेजी से वायरल हो गया। अब देखना यह होगा कि पुलिस इस वायरल वीडियो के सामने आने के बाद क्या कार्रवाई करती है। या फिर यूं ही नशेड़ी वाहन चालक अपने मनोरंजन के लिए दूसरों को रोक परेशान करते नजर आएंगे। इधर, शनिवार देर रात चलने वाली पार्टियों पर अब युवा नेताओं के तेवर भी सख्त नजर आने लगे हैं। पुलिस द्वारा बारङ्कबार मना करने के बाद भी 12 बजे के बाद क्लब संचालित करने वालों को सबक सिखाने का जिम्मा अब युवा नेताओं ने उठा लिया है। इसी कड़ी में शनिवार को 12 बजते ही वीआइपी रोड स्थित एक क्लब में अचानक युवा नेता अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर क्लब को तत्काल बंद कराने लगे। इसी बीच तेलीबांधा थाना पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई जिसके बाद क्लब को बंद करवा पार्टी करने पहुंचे युवाओं को क्लब से बाहर निकाला गया।

एक नजर

आपरेशन मुस्कान के तहत बेमेतरा पुलिस ने गुम,अपहृता बालिका को दस्तयाब कर किया बरामद

नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाला युवक के गिरफ्त में

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

प्रार्थी पुलिस चौकी देवकर थाना साजा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिग लड़की को अज्ञात व्यक्ति द्वारा 23 दिसबंर 2021 को नाबालिग जानते हुए इनके अनुमति के बिना बहला फ ुसलाकर भगा कर ले गया है कि रिपोर्ट पर गुम इंसान एवं अपराध सदर धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना पर लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन पर अति पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के द्वारा पुलिस चौकी देवकर प्रभारी टीआर कोसिमा एवं चौकी स्टाफ को नाबालिग गुम,अपहृता बालिका, एवं आरोपी पतासाजी कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान पुलिस चौकी देवकर एवं बेमेतरा पुलिस टीम ने नाबालिग गुम,अपहृता बालिका को 09 जून 2023 को साकिन मूढ़िपार से आरोपी दिनदयाल सिन्हा के कब्जे से दस्तयाब कर बरामद किया गया है। प्रकरण में आरोपी दिनदयाल सिन्हा द्वारा पीड़िता को नाबालिग जानते हुए भी बहला फ ुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर अपने साथ भगाकर गुजरात ले जाकर इसके इच्छा के विरूद्ध लगातार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। प्रकरण धारा 366,376, 376,2 एन, भादवि, 4,5 ;ठ,6 पाक्सो एक्ट का अपराध पाये जाने से प्रकरण में जोड़ी गई। आरोपी दिनदयाल सिन्हा को 09 जून 2023 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया हैं। आरोपी दिनदयाल सिन्हा पिता अवधराम सिन्हा उम्र 21 साल।

व्याख्याता वाणिज्य एवं गणित की शिक्षक भर्ती परीक्षा संपन्न

कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा रविवार 11 जून 2023 को व्याख्याता वाणिज्य ई. एवं टी संवर्ग,एसईएटी-23, एवं व्याख्याता गणित ई.एवं टी.संवर्ग, एसईएटी-23, की परीक्षा आयोजित की गई थी। व्याख्याता वाणिज्य परीक्षा की प्रथम पाली प्रातः 09:00 बजे से 12:15 तक जिले के शास.पं. जवाहर लाल नेहरू विज्ञान एवं कला स्नातकोत्तर महा. बेमेतरा में आयोजित किया गया जिसके लिए जिले में कुल 147 अभ्यर्थीयों ने आवेदन किया था जिसमें 73 विद्यार्थी उपस्थित रहे और 74 अनुपस्थित रहे। इसी तरह द्वितीय पाली में अपरान्ह 12:00 बजे से 05:15 तक व्याख्याता गणित ई. एवं टी संवर्ग,एसईएटी 23, भर्ती परीक्षा 2023 का आयोजन किया गया। जिसके लिए आवेदन करने वाले कुल 246 परीक्षार्थी में से 111 उपस्थित रहे और 135 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने आयोजित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया और केंद्र में उपस्थित परीक्षार्थी की उपस्थित व अनुपस्थित विद्यार्थियों की जानकारी ली एवं शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए।

दुकान के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर । पचपेड़ीनाका स्थित स्पर्श ऑटो मोबाइल के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दुलीचंद साहहू 40 वर्ष रावतपुरा फेस 1 मठपुरैना टिकरापारा का रहने वाला है।

कुसमी एसडीओपी की सूझबूझ से टूटने की कगार पर पहुंचा रिश्ता एक बार फिर जुड़ा

जोहार छत्तीसगगढ़-कुसमी।

जिले के नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक बलरामपुर लाल उमेद सिंह के द्वारा सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को महिला संबंधी अपराध, शिकायत एवं गुम इंसान के संबंध में तत्परता से कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है। जिसके परिपालन में थाना कोरंधा में 05 जून 23 को प्रार्थी हबील लकड़ा पिता सैहुन लकड़ा उम्र 27 साल निवासी ग्राम धनेशपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराया किए इसकी पत्नी सुभद्रा लकड़ा इसके 10 माह के बेटे अंकुश लकड़ा के साथ लापता हो गई है। जिस पर थाना प्रभारी कोरंधा देवेन्द्र सिंह टेकाम ने गुम इंसान कायम कर एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी को प्रकरण से अवगत कराया। सरहदी इलाके से एक आदिवासी युवती के लापता होने के संवेदनशीलता को देखते हुये एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी ने प्र.आर अमोल कश्यप, आर. शंकर सोनी, म.आर.रत्नी टोप्पो की टीम गठित कर गुमशुदा महिला ने रिश्तेदारो, परिचितों के यहां पूछताछ कर पतासाजी करने हेतु निर्देशित किया था। जो उक्त टीम ने तत्परता से कार्यवाही कर 10 जून 23 को लापता महिला सुभद्रा लकड़ा एवं उसके 10 माह के बेटे अंकुश लकड़ा को दस्तयाबी करने में सफ लता प्राप्त हुई है। गुम महिला से पूछताछ करने पर उसने बताया कि मेरा पति मुझसे वाद विवाद करता था। जो मुझे बेहद खराब लगाए इसलिये मैं उसे छोड़कर अपने बच्चे के साथ कही और रहना चाहती हूं बताई। मामले की संवेदनशीलता एवं पारिवारिक विवाद को देखते हुये, एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी ने गुम महिला सुभद्रा, उसके पति हबील एवं उनके परिजनों को बुलाकर कांउसलिंग करायाए जो परिजनों के समझाने बुझाने पर पति हबील लकड़ा ने अपनी पत्नी से माफी मांगते हुये उसे भविष्य में किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं करूंगा, उसे अच्छे से रखूंगा कहकर अपना लिया। इस प्रकार पुलिस की समझदारी से एक पारिवारिक विवाद को सहजता से सुलझाकर गुम इंसान दस्तयाब करने में सफ लता मिली है। एसडीओपी कुसमी ने दोनो पति-पत्नी को मिठाई खिलाकर अच्छे से दाम्पत्य जीवन जीने का हिदायत देकर रुखसत किया।

जिला कबड्डी संघ बिलासपुर द्वारा कबड्डी निर्णायकों को किया ड्रेस वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

जिला कबड्डी संघ बिलासपुर द्वारा सत्र 2022-23 में कबड्डी निर्णायक परीक्षा पास सभी निर्णायकों को रविवार मां महामाया न्यू धर्मशाला रतनपुर में कबड्डी निर्णायक ड्रेस का वितरण किया गया इस संबंध में जानकारी देते एन आई एस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया कि जिला कबड्डी संघ बिलासपुर द्वारा कोटा ब्लाक कबड्डी संघ की सहयोग से सभी 60 निर्णायकों को टी शर्ट का वितरण इस ड्रेस वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष नगर पंचायत रतनपुर कन्हैया यादव अध्यक्षता अध्यक्ष जिला कबड्डी संघ बिलासपुर जीवन मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा उद्योगपति विक्की अग्रवाल सचिव जिला कबड्डी संघ बिलासपुर प्रदीप यादव रेफ्री बोर्ड चैयरमेन हरबंश कस्तूरिया जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेंद्र जगत के द्वारा सभी 2022.23 मे चारो ब्लॉक कोटा, मस्तूरी, बिल्हा, तखतपुर से आये 60 निर्णायकों को टी शर्ट का वितरण किया गया। इस दौरान जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष जीवन मिश्रा ने अपनी उध्बोधन में कबड्डी खेल के प्रति अपनी अनुभव बताते हुवे कहा कि कबड्डी छत्तीसगढ़ के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी बिलासपुर के खिलाड़ी नाम रोशन कर रहे है और उन्होंने ने निर्णायक को मैच के दौरान निष्पक्ष मैच कराने की बात कहा मैच संचालन पीताम्बर पोर्ते ने कहा इस दौरान ब्लाक कबड्डी संघ कोटा के मनोज यादव, गुलाब श्याम, राय सिंह यादव,धाम सिंह मरावी, बुधराम,प्रदीप सिदार आदि उपस्थित थे।

पुलिस की जांच से मृतक युवक के परिजन असंतुष्ट, पुलिस की जांच पर संदेह

हत्याकांड का आधा अधूरा खुलासा करते सिरगिट्टी पुलिस ने तीन को गिरफ्तार किया

पुलिस तीन दिन बीत जाने के बाद भी हड़बड़ाहट में अधूरा सच के साथ की प्रेसवार्ता

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।

बिलासपुर इस समय पूर्ण रूप से अशांत होता नजर आ रहा है, अपराधियों के दिमाग से पुलिस का डर भय खत्म सा हो गया है ऐसा इसलिए प्रतीत हो रहा है कि लगातार बिलासपुर में अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है और पुलिस की भूमिका भी कई बार संदिग्ध नजर आई, उसका उदाहरण वर्तमान में रतनपुर में महिला के साथ हुई घटना जिसके चलते एक समाज को सड़क में उतरना पड़ा और पुलिस पर कई सवाल खड़े हुए और थाने के प्रभारी से लेकर सिपाही तक को हटाना पड़ा ऐसा ही कुछ सिरगिट्टी थाने की भूमिका नजर आ रहा है जिले के बाहर से आए कोचिंग करने युवक की हत्या सिरगिट्टी थाना के अंतर्गत हुई।

मामला त्रिकोणी प्रेम प्रसंग का निकला

मामला कुछ ऐसा है कि सरगुजा क्षेत्र अंतर्गत लखनपुर के साहू परिवार का बेटा यश साहू बिलासपुर कोचिंग करने के लिए

आया कोचिंग में ही उसकी दोस्ती एक लडकी से हुई और दोनों आपस में बातचीत करने लगे जिसकी जानकारी उसके प्रेमी को नगावर गुजरने लगी उसने कोचिंग में आकर युवक को धमकी भी दी प्रेमी ने यश साहू को बात करने के बहाने बुलाकर अपने दो साथियों के साथ मिलकर मारपीट करते हुए उसकी हत्या कर दी पुलिस के बताए अनुसार। मृतक यश साहू के मौसा के बताए अनुसार यश साहू ने अपने पिता को फोन कर बताया की एक लड़की उसको परेशान कर रही है रोज उसे अपने पास बैठने को कहती है और मेरे नोट मांगती है पर आप परेशान नहीं हो मैं सब संभाल लूंगा।

इन परिस्थितियों में लड़की के परिवार को पुलिस पूछताछ से बाहर रखना कई सवाल खड़े कर रहे हैं।

मृतक के पिता और मौसा व अन्य परिवारजनों कहना है इस हत्या में लड़की के परिवारजन भी शामिल है।

कई सवाल अब भी खड़े इस मर्डर को लेकर

घटना वाले दिन जब मृतक के पापा से उसकी बात हुई तो इसका लोकेशन क्या था? उसके साथ उस मोबाइल लोकेशन में और कौन कौन था? घटना के एक दिन पहले और घटना वाले दिन मृतक का फोन किसके किसके संपर्क में था? कोचिंग वाले वीडियो में वो बात करते निकल रहा है। कोचिंग से हाथ में डालकर उसको ले जाने वाला लड़का कौन था? उसका मोबाइल किसके किसके संपर्क

में था? मृतक यश को पहले दिन और उसके बाद किस किस लोकेशन में ले जाकर उसकी बेरहमी से पिटाई की गई? इसका लोकेशन पुलिस को बताना चाहिए। वो लड़की की क्या भूमिका है जो कोचिंग सेंटर में उससे बात करती थी क्या हत्या वाले दिन लड़की एवं उसके परिवार के सदस्यों का मोबाइल लोकेशन चेक किया गया? हत्या वाले दिन आरोपियों के साथ कितने लोग मारपीट में शामिल थे क्या आरोपियों का कॉल डिटेल मैसेज और लोकेशन निकाला गया है? मृतक को अगर मारपीट करने के बाद किसी आटो में बिठाकर भेजा गया तो ऑटो चालक कहा हैं, क्या उस आटो चालक का बयान लिया गया है? घटना वाले दिन मंगलवार के बाद जिस संदिग्धों को सिरगुट्टी थाना लाया गया था। उसके साथ कौन कौन थाना आया था, और थाने के बाहर कार में एसी चलाकर रात से कौन सफेद कलर की कार में बैठा था? मृतक के काले रंग की कार से दिनदहाड़े दोपहर 1-2 बजे के बीच गुंबर पेट्रोल पंप में फेंकने के बाद आरोपी आखिर, उस काली रंग की कार में घूमते रहे पुलिस उनको कैसे छोड़ रही है? उस काले रंग की कार में ही मृतक यश साहू के बिलासपुर स्थित माकान मालिक के साथ गए हार्दिक बंसल को मोबाइल दिया गया, जबकि उसके पहले कार में बैठे हत्या के आरोपी अपना लोकेशन उसी सिरगिट्टी थाना के आस पास के गांव में और कभी बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन बता रहे थे। वो कौन लोग थे जो हत्या के बाद काले रंग की कार में मृतक का मोबाइल हार्दिक बंसल नामक छात्र को रेलवे स्टेशन साईं मंदिर के पास देकर फरार हो गए थे? क्या पुलिस ने उन कार सवार से पूछताछ या गिरफ्तारी की?

परिवार के लोगों ने पुलिस की जांच से असंतुष्ट होने की बात कही

मृतक यश साहू के रिश्तेदार बिलासपुर आएं हुए हैं उन्होंने पुलिस की जांच से संतुष्ट नहीं होने की बात करते हुए कहा की ये हत्या तीन लोग नहीं कर सकते हैं इसमें और भी लोग शामिल हैं जिसकी जांच पुलिस नहीं कर रही है उनसे किसी कागज में हस्ताक्षर करने को कहा गया लेकिन उन्होंने नहीं किया, परिवार के सदस्य उच्चस्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं।

एक नजर

मेढरमार गोठान से बोरपंप की चोरी, वन विभाग ने किया थाने में शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़।

वन विभाग धरमजयगढ़ परिक्षेत्र सहायक द्वारा थाने में चोरी की लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। जिसमें कहा गया है कि धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र अंतर्गत तराईमार परिसर के कक्ष क्रमांक 364 पीएफ ग्राम मेढरमार में छ.ग. शासन के महत्वाकांक्षी योजना से आवर्ती चराई कार्य गोठान हेतु बोर खनन कार्य कर 5 अप्रैल 2022 को सोलर प्लेट बोर पम्प लगाया गया था। बोरपंप की कीमत करीबन 30 हजार रूपये है। परिक्षेत्र सहायक द्वारा 30 मई 2023 को परिसर भ्रमण के दौरान देखा गया कि उक्त आवर्ती चराई कार्य गोठान क्षेत्र में लगे बोर पम्प को किसी अज्ञात ब्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी खोजबीन आस पास के क्षेत्रों एवं ग्रामिणों से पुछताछ किया गया। परंतु उक्त बोर पम्प का कहीं पता नहीं चला पम्प एक साल युज हो चुका है। थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

ऑपरेशन मुस्कान से छाई परिजनों के चेहरे पर मुस्कान

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

पुलिस विभाग द्वारा चलाई जा रही ऑपरेशन मुस्कान से परिजनों के चेहरे पर मुस्कान छा गई। ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग गुम बालिकाओं को अभियान बनाकर ढूंढा जाता है। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ थाने में वार्ड नंबर 8 पतरापारा निवासी ने 10 जून को शिकायत दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग लड़की घर से गायब है। 9 जून को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है। आसपास खोजबीन करने एवं रिश्तेदारों से संपर्क करने पर कहीं पता नहीं चला। लड़की के परिजनों की शिकायत पर धारा 363 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। थाना प्रभारी नंदलाल पैंकरा ने मामले की गंभीरता को समझते हुए नाबालिग लड़की की खोजबीन के लिए पुलिस टीम को रवाना किया। जहां चंद घंटों में ही 11 जून को नाबालिग लड़की को बरामद कर कर शाम को परिजनों को सौंप दिया गया। नाबालिग लड़की को पाकर परिजनों के चेहरे पर मुस्कान छा गई है। वहीं पुलिस को आभार व्यक्त किया है। बता दे आपरेशन मुस्कान के तहत अच्छा कार्य करने के लिए पैंकरा को पहले विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जा चुका है। नाबालिक लड़की को खोजने में सहायक उपनिरीक्षक गंगाराम भगत, आरक्षक राजेंद्र राठिया की अहम भूमिका रही।

अधेड़ से मोबाइल की लूट

रायपुर । लक्ष्मी मोबाइल दुकान के पास बीरगांव में बाइक सवार अज्ञात दो युवक ने एक अधेड़ के हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेन्द्र गिरी गोश्वामी 49 वर्ष नगर निगम ऑफिस के पास बीरगांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी लक्ष्मी मोबाइल दुकान के पास बीरगांव में मोबाइल में बात करते हुए खड़ा था, तभी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमबी 4882 से दो युवक पीछे से आए और प्रार्थी के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग निकले। लूटे गए मोबाइल की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

भाजपा का विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

भारतीय जनता पार्टी का महाजनसंपर्क अभियान के तहत विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन धरमजयगढ़ में संपन्न हुआ। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व ने सभी संसदीय क्षेत्र में महा संपर्क अभियान कार्यक्रम कराने निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ में जून माह में लोकसभा एवं विधानसभा स्तरीय विशेष जनसंपर्क अभियान होना है। इसी अभियान के तहत रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ में 11 जून को संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की गई। वहीं पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। सम्मेलन में

उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला भाजपा महामंत्री अरूणधर दीवान ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी ने समृद्ध छत्तीसगढ़ का सपना देखा था। जो भाजपा शासनकाल में विकास के रूप में हुआ। कांग्रेस राज में सिर्फ भ्रष्टाचार हो रहा है। कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार सरकार का नारा देते हुए दीवान ने कांग्रेस को भ्रष्टाचार की जननी कहा। भूपेश बघेल सरकार में शराब, चावल, गोठान, कोयला में कई करोड़ों रुपए का घोटाला किया गया है। प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष टीकाराम पटेल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की अनुशासित पार्टी है। जिसमें कोई व्यक्ति नहीं बल्कि कमल फुल छाप चुनाव लड़ेगा। कांग्रेस में गुटबाजी हाबी है। जनता में कांग्रेस के प्रति नाराजगी है।

प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा शकील अहमद ने कहा है

कि भारतीय जनता पार्टी अंतिम छोर के व्यक्ति के लिए काम करती है।। मोदी सरकार गांव गरीब किसान के साथ साथ बिना भेदभाव सभी वर्ग के लिए कार्य कर रही है। सम्मेलन को ताराासिंह राठिया, रामनाथ बैगा, संतोष राठिया, राधेश्याम राठिया ने संबोधित किया। बता दें कि 16 जून को 1 बजे घरघोड़ा में लाभार्थी सम्मेलन, 18 जून को 11 बजे से वरिष्ठ कार्यकर्ताओं संग भोजन एवं परिचर्चाए वहीं 21 जून को प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक में योग दिवस मनाया जाएगा।

दस दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

एकल अभियान अंतर्गत एकल विद्यालय के आचार्यों का 10 दिवसीय अभ्यास वर्ग हो रहा है। जिसकी शुरुआत 9 जून को हुई है। अभ्यास वर्ग के उद्घाटन सत्र में अतिथि भरतलाल साहू अध्यक्ष संच समिति धरमजयगढ़, भगवती साहू द्वारा भारत माता एवं सरस्वती माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना की गई। वहीं सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ किया गया। सत्र को संबोधित करते हुए साहू ने कहा कि मनुष्य अंतिम सांस तक सीखता है। प्रशिक्षण में हमेशा कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है। प्रशिक्षण से जो भी सीखकर जाएंगे वह अपने जीवन के साथ-साथ समाज को आगे बढ़ाने में सहायक होगा। अभ्यास वर्ग में धरमजयगढ़, कापू एवं खम्हार संघ के आचार्य शामिल हो रहे हैं। वर्ग के तृतीय दिवस पर घरघोड़ा कोषाध्यक्ष रीतेश शर्मा एवं मनोज शर्मा ने आचार्यों को संबोधित किया। 10 दिवसीय वर्ग का समापन 18 जून को होगा।

सीजीपीएससी परिणाम में कथित भ्रष्टाचार को लेकर भाजयुमो करेगी 19 जून को मुख्यमंत्री निवास का घेराव

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा 2021 भाई-भतीजावाद के विवाद में फंस गई है। इंटरनेट मीडिया से लेकर सार्वजनिक तौर पर अभ्यर्थी भी इसमें धांधली का आरोप लगा रहे हैं। छत्तीसगढ़ भाजपा भी आक्रामक है और राज्य सरकार को घेर रही है। लिहाजा आगामी 19 जून को भारतीय जनता युवा मोर्चा कथित पीएससी घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने वाली है। इस बात की जानकारी देने रविवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता रखी गई। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष रितेश मोहरे ने सीजीपीएससी परिणाम पर सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकारियों ने अपने परिवार के सदस्यों को इस परिणाम में अधिकारी बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएससी के

चेयरमैन ने अपने पुत्र को भी डिप्टी कलेक्टर, कांग्रेस नेता के बेटी दामाद डीआइजी की बेटी को अधिकारी बना दिया। वर्षों से अभ्यर्थी परीक्षा की तैयारी करते हैं, अपने भविष्य के लिए माता-पिता के सपने के लिए आज उन सब सपनों को सरकार ने चूर कर दिया। लिहाजा परीक्षा परिणाम को तत्काल प्रभाव से रद्द करने, परीक्षा दोबारा आयोजित किए जाने, परिणाम की उच्च स्तरीय जांच कराने, आयोग के अध्यक्ष, सचिव और परीक्षा नियंत्रक को भी तत्काल निलंबित करने जैसे प्रमुख चार मांगों की जानकारी देते हुए कहा कि भाजयुमो द्वारा 19 जून को मुख्यमंत्री निवास घेराव किया जायेगा, जिसमें प्रदेश भर से युवा शामिल होंगें। भाजयुमो युवाओं की आवाज इस गूंगी बहरी सरकार तक पहुंचा कर रहेगी। युवाओं की कई सालों की मेहनत को इस सरकार ने सिर्फ अपना जेब भरने के लिए बेच दिया। वहीं पत्रकार वार्ता में पूछे गए सवाल कि सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस ने 2005 बैच की लिस्ट जारी कर रमन सरकार के दौरान कई नेताओं और अधिकारियों के रिश्तेदारों का चयन करने का आरोप लगाया है पर जवाब देते हुए उन्होंने कहां कि उस समय कांग्रेस सो रही थी तब जांच क्यों नहीं करवाई गई।

गुण्डा बदमाश ने पुलिस में अच्छी पकड़ बताकर आरोपियों को जेल से छुड़ाने के नाम पर ग्रामीण से वसूले 5.40 लाख रूपये

ठगी मामले में गुंडा बदमाश टिकेश डनसेना को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जोहार छत्तीसगढ़-छाल।

छाल पुलिस ने ग्राम बरभौना निवासी कल्पेश्वर डनसेना के शिकायत पर थाना क्षेत्र के गुंडा बदमाश टिकेश डनसेना को प्रार्थीगण से 540000 की धोखाधड़ी करने के अपराध में गिरफ्तार कर आज ज्युडिसियल रिमांड पर भेजा गया है। रिपोर्टकर्ता कपलेश्वर डनसेना पिता चैतराम डनसेना उम्र 38 वर्ष ग्राम बरभौन द्वारा आज थाना प्रभारी छाल के नाम पर आवेदन देकर बताया कि बरभौना निवासी टिकेश डनसेना जो वकालत करता है, पुलिस में अच्छी पकड़ होना बताया था। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि उसका छोटा भाई गुलाब राम डनसेना तथा गांव के अन्य व्यक्तियों को थाना पंडरी रायपुर पुलिस ने 1 जून 2023 को पूछताछ के लिये लेकर गये थे। 2 जून 2023 को गांव के टिकेश डनसेना घर आकर बताया कि गुलाब राम डनसेना को रायपुर थाने से छुड़ा कर लाउंगा, जेल नहीं जाने दूंगा, पुलिस में अच्छी पकड़ है। टिकेश के आश्वासन में आकर कपलेश्वर और पकड़े गये गांव वालों के रिस्तेदारों ने कुल 5,40000 रूपये टिकेश को दिये किन्तु वर्तमान में सभी आरोपी रायपुर जेल में है, टिकेश डनसेना ने पकड़े गये आरोपियों को छुड़ाने के नाम पर कुल 5,40,000 रूपये लेकर धोखाधड़ी किया है। पीड़ित के आवेदन पर थाना प्रभारी छाल निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस द्वारा आरोपी टिकेश डनसेना के विरुद्ध धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर तत्काल अपने स्टाफ के साथ आरोपी टिकेश डनसेना की पतासाजी कर हिरासत में लिये। आरोपी से पूछताछ कर आरोपी के कब्जे से धोखाधड़ी में प्रयुक्त

छाल पुलिस की आरोपी को बेनकाब

एक ओप्पो कंपनी का स्क्रीन टच मोबाइल जप्त किया गया है। आरोपी टिकेश डनसेना पिता श्रवण डनसेना उम्र 29 साल निवासी बरभौना थाना छाल को आज छाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर धरमजयगढ़ न्यायालय में पेश किया गया, जहां जेल वारंट पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है। आरोपी की पतासाजी गिरफ्तारी में टीआई हर्षवर्धन सिंह बैंस, प्रधान आरक्षक छबि लाल पटेल, आरक्षक गोविंद बनर्जी, हरेंद्र पाल जगत, सतीश जगत, राजा राम राठिया, सूरज साहू, महिला आरक्षक एमरेंसिया टोप्पो, रामकिशन पटेल की अहम भूमिका रही है। विदित हो कि आरोपी टिकेश डनसेना एक आदतन बदमाश किस्म का युवक है। आरोपी के विरुद्ध विभिन्न थानों में धोखाधड़ी, हत्या का प्रयास, डकैती जैसे संगीन मामले दर्ज हैं। छाल पुलिस द्वारा समय-समय पर आरोपी के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के साथ धारा 110 सीआरपीसी की कार्यवाही की गई है। वर्तमान में आरोपी टिकेश डनसेना का नाम थाना छाल के गुंडा बदमाश सूची में दर्ज है। टिकेश डनसेना के विरूद्ध शिकायती आवेदन पर प्राप्त होने पर शिकायत को गंभीरता से लेते हुये छाल पुलिस द्वारा तत्काल विधि अनुरूप कार्यवाही की गई है।

आरोपी टिकेश डनसेना का अपराधिक रिकार्ड

थाना छाल के अपराध क्रमांक 74/2017 धारा 294, 427, 34 भादवि, अपराध क्रमांक 72/2019 धारा 420, 34 भादवि, अपराध क्रमांक 48 2020 धारा 294, 451, 323, 34 भादवि, अपराध क्रमांक 160/23 धारा 420 भादवि, थाना भूपदेवपुर के अपराध क्रमांक 108/2019 धारा 307, 394, 427, 397, 395, 120 (बी),34 भादवि, इस्तगासा क्रमांक 56/2016 धारा 107,116 (3) सीआरपीसी, इस्तगासा क्रमांक 125/2020 धारा 107,116 (3) सीआरपीसी, इस्तगासा क्रमांक 13/2020 धारा 110 (ड) सीआरपीसी।*

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in